न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**कानपुर देहात।** मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण में थाना पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूक किया गया। इस अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार पाक्सो एक्ट (बाल यौन शोषण से संरक्षण), दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, साइबर अपराधों से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई।

### यातायात और थाना पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**कानपुर देहात।** अपर पुलिस महानिदेशक यातायात के निर्देश पर बीती रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, विशेषकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यातायातएवं थाना पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया था। टीम ने बीती रात आठ बजे से 11बजे के मध्य थाना अकबरपुर क्षेत्र के अंतर्गत बारा टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों को रोककर ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से चालकों की सघन जांच की गई। अभियान के तहत 620 वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान अनियमितता पर 27 वाहनों का चालान किया गया जब कि तीन वाहन सीज किए गए। अभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए गए चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई।

### स्पोर्ट्स कॉलेज में दाखिले के लिए कर सकते आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला क्रीडाधिकारी नीलम सिद्दीकी ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह कॉलेज द्वारा उप्र स्पोर्ट्स कालेजेज सोसाइटी, लखनऊ के अधीन संचालित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर, मेजर ध्यानचंद्र स्पोर्टस कालेज सैफई, स्पोर्ट्स कालेज फतेहपुर एवं स्पोर्ट्स कालेज सहारनपुर में सत्र 2026-27 के लिए संभावित 518 सीटों को भरे जाने हेतु कक्षा 6,9 एवं 11 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रकिया ऑनलाइन की जाएगी। आवेदन फार्म खेल साथी पोर्टल के माध्यम से भरे जाएगे। इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए लिंक पर निर्धारित प्रारुप को भर कर एंव आवेदन शुल्क दो सौ रूपए जमा कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म में यूडाइस पोर्टल द्वारा निर्गर अभ्यर्थी का पेन नंबर (परमानेंट एजुकेशन नंबर) अनिवार्य रुप से भरा जाएगा। बिना पेन नंबर आवेदन नहीं किया जा सकेगा।

### अगली फसल या भंडारण के लिए न दें उर्वरक

**कानपुर देहात।** सोमवार को प्रमुख सचिव सहकारिता अजय कुमार शुक्ला द्वारा उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण के संबन्ध में सीडीओ, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला प्रबंधक पीसीएफ के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान निर्देश दिए गए कि उर्वरक का वितरण फार्मर आईडी के आधार पर, खतौनी के क्षेत्रफल के अनुसार एवं फसल संस्तुति के आधार पर किया जाए। फसल, बोए जाने या खड़ी फसल में उर्वरक उपयोग हेतु ही उर्वरक का वितरण किया जाए। अगली फसल या भंडारण के लिए उर्वरक वितरण कदापि न किया जाए। उर्वरक का होर्डिंग करना एवं उर्वरक कालाबाजारी करना एक सुनियोजित अपराध है। समस्त उर्वरक विक्रेता निजी एवं सहकारिता को निर्देशित किया गया कि बटाईदार-बलकट पर लिए गए खेती से उर्वरक उपयोग हेतु खेत मालिक के आधार पर ही उर्वरकों का वितरण किया जाए।

### घर लौटा गुमशुदा बुजुर्ग

**रसूलाबाद।** 5 मई को सजवार पुर जोत निवासी सुनीत सिंह उर्फ लक्ष्मण सिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट 7 मई को उनके पिता अहिबरन सिंह ने थाने में दर्ज कराई थी। वह आज सकुशल घर वापस आ गए हैं। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया की सकुशल घर लौटे सुनीत सिंह उर्फ लक्ष्मण सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह वृंदावन चले गए थे।

# सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री श्रमिकों का हंगामा

संवाददाता, रनियां

**08** बजे सुबह शुरू हुआ धरना प्रदर्शन, शाम तक जारी रहा

**783** रुपये हो आठ घंटे काम का भुगतान

**04** घंटे के ओवर टाइम का दोगुना दिया जाए भुगतान

**अमृत विचारः** नोएडा और फरीदाबाद में वेतन बढ़ोतरी को लेकर शुरू हुआ श्रमिकों के बवाल का असर अब कानपुर देहात में भी देखने को मिल रहा है। सोमवार को रनियां के साइट टू में स्थित एक एडहेसिव बनाने वाली कंपनी में सैकड़ों श्रमिक वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए। काम रोक दिया और हड़ताल पर चले गए। विरोध को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

औद्योगिक क्षेत्र रनियां में शेरपुर तरौंदा मार्ग पर चिटिकपुर चौराहे के पास एस्टेल एडहेसिव के नाम से फैक्ट्री संचालित है। गुजरात की कंपनी में चिपकाने वाली ग्लू, तथा लीकेज बंद करने वाली सील बनती है। सोमवार की सुबह 8 बजे कंपनी के सैकड़ों श्रमिक हड़ताल पर चले गए। धरना-प्रदर्शन शुरू होते ही आस-पास की फैक्ट्री के कर्मचारी भी बाहर निकल आए। फैक्ट्री के कार्यरत श्रमिकों ने कंपनी के अधिकारियों, मालिकों व श्रम विभाग को लेकर भारी रोष दिखाई दे रहा है। श्रमिकों की मांग है कि उन्हें श्रम कानूनों के मुताबिक वेतन दिया जाए, 12 घंटे काम लिया जाता है, जिसमें 8 घंटे की शिफ्ट के बाद 4 घंटे ओवरटाइम पर दोगुनी पगार दी जाए। रविवार को छुट्टी घोषित हो।

श्रमिकों की नाराज़गी को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया साथ ही पीएसी बल की एक कंपनी भी लगाई गई। जानकारी पर पहुंचे एडीएम प्रशासन अमित कुमार, तहसीलदार पवन कुमार, एएसपी, सीओ सदर, तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी पल्लवी सिंह नाराज श्रमिकों को समझाते दिखाई दिए। हालांकि अभी तक ये लोग शांतिपूर्वक ही धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि श्रमिक आठ घंटे के काम के लिए 783 रुपये का भुगतान किए जाने की मांग कर रहे हैं। ओवरटाइम पर दुगुनी पगार के लिए कंपनी से बात की जा रही है। कंपनी के जीएम आशीष कुशवाहा ने कहा कि श्रमिकों को श्रम कानूनों के मुताबिक वेतन दिया जा रहा है, जिस बढ़ोतरी की बात वे कर रहे हैं वो कानपुर देहात जिले में लागू नहीं होता है। उमस भरी गर्मी में धरना दे रहा शेरपुर निवासी अजीत कुमार बेहोश भी हो गया।





श्रमिकों को समझाते एडीएम अमित कुमार, गर्मी से अचेत हुआ अजीत कुमार। अमृत विचार

## नकदी के साथ घर से फरार हुई युवती

**कानपुर देहात।** बरौर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती कहीं लापता हो गई। परिजनों ने गांव के युवक समेत तीन लोगों पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि युवती 50 हजार रुपये नकदी समेत कीमती गहने भी ले गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार को बरौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि सोमवार भोर पहर जब घर के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे तभी उनकी पुत्री शौचक्रिया के वास्ते छत से नीचे आई और कहीं चली गई। सुबह करीब 6 बजे परिजनों के जागने पर घटना की जानकारी हुई। काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री का कही सुराग नहीं लग सका।

# ट्रैक्टर की टक्कर से किशोर की मौत, हंगामा

## शिवली कोतवाली क्षेत्र के गांव गहरा काशीपुर मार्ग पर हुआ हादसा, नाना को खेत पर खाना देने जा रहा था किशोर

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने सोमवार की सुबह गहरा काशीपुर मार्ग पर नाना को खाना देने जा रहे किशोर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर लगने से किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। किशोर को रौंदने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। किशोर की मौत की खबर लगते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को घेरकर पकड़ लिया। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। किशोर की मौत से उसके परिजनों के बीच मातम छा गया काफी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन मौके पर पहुंच गए और मुख्य मार्ग पर बैठ गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाल ने आक्रोशित परिजनों को समझा बूझाकर शांत करवाया।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के सेऊभुरऊ गांव निवासी विनोद राजपूत दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। उसका परिवार गांव में रहता है। करीब 15 दिन पूर्व विनोद की पत्नी अंशू अपने पुत्रों शनि एवं ऋषभ के साथ अपने मायके शिवली कोतवाली क्षेत्र के गहरा रायपुर गांव आई हुई थी। सोमवार की सुबह विनोद का पुत्र शनि 12 वर्ष अपने नाना इंद्रपाल राजपूत को खाना देने के लिए पैदल खेत पर जा रहा था। गहरा काशीपुर मार्ग पर गहरा की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने किशोर को टक्कर मार कर रौंद दिया। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

ट्रैक्टर चालक टक्कर मारने के बाद काशीपुर की तरफ भागने लगा। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पीछा करके ट्रैक्टर को पकड़ लिया। हालांकि उसका चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। किशोर की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो जाने से मार्ग जाम हो गया। तभी घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे कोतवाल व अपराध निरीक्षक शीलेंद्र सिंह यादव ने आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों को समझा बूझकर शांत करवाया। किशोर की मौत से उसकी मां अंशू देवी, भाई ऋषभ, मामा रंजीत व नाना इंद्रपाल का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



हादसे के बाद रोती बिलखती महिलाएं। अमृत विचार



ग्रामीणों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

### पेड़ से टकराई कार, एक की मौत, चार लोग घायल

**रसूलाबाद :** उमरैन इटावा में अपने रिश्तेदारी के एक विवाह समारोह से वापस अपने घर कल्याणपुर नई बस्ती कानपुर महानगर कार से लौट रहे लोगों की कार रसूलाबाद कानपुर रोड पर माल पूर्वा शनि मंदिर के समीप एक कुत्ते को बचाने में एक पेड़ से टकरा गई। इससे कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। इनमें एक घायल महिला की उपचार के लिए हैलट कानपुर ले जाते समय मौत हो गई। हैलट में डॉक्टर ने उन्हें मृत बताया। सोमवार को कल्याणपुर नई बस्ती कानपुर नगर निवासी सुमित कुमार 35 अपनी मां शशि कला 62 पत्नी संतोष कुमार, पत्नी राधा 31 व बच्चों के साथ उमरैन इटावा में रिश्तेदारी के विवाह समारोह से वापस घर लौट रही थी। रसूलाबाद निवासी उनके परिजन नामित सभासद ने बताया कि कानपुर रोड पर माल पुरवा के शनि मंदिर के समीप एक कुत्ते को बचाने में कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इससे कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी रसूलाबाद लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ सौरभ शाक्य ने शशि कला व राधा की गंभीर दशा के चलते उन्हें हैलट कानपुर रेफर किया गया। किंतु शशि कला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हैलट में डॉक्टरों ने उन्हें मृत बताया। इस पर उनके परिवार में कोहराम मच गया है।

## विसायकपुर में किसान के घर चोरी, दस लाख का माल पार

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर से अलमारी में रखे करीब दस लाख रुपये के कीमती आभूषण व 50 हजार की नकदी पार कर दी। सुबह सोकर उठे घरवालों ने कमरें में सामान बिखरा देखा तो सन्न रह गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट ने जांच पड़ताल शुरू की।

विसायकपुर गांव निवासी जीतेंद्र प्रताप सिंह समृद्ध किसान हैं। रविवार की रात वह भोजन करने के बाद पत्नी हेमू सिंह व पुत्री एकता के साथ अपने कमरें में सोने चले गए। अनुमान लगाया गया कि रात में छत के रास्ते घर में दाखिल हुए अज्ञात चोरों ने जीतेन्द्र के कमरें में बाहर से कुंडी लगा दी, और बगल के कमरें का ताला तोड़कर अंदर रखी सेफ व बक्शे खोलकर उसमें रखा एक सोने का हार, दो सोने के मंगलसूत्र, पांच सोने की अंगूठी, दो सोने के कंगन, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, के अलावा पचास हजार रुपए की नगदी पार कर फरार हो गए।

सुबह आगे के हिस्से में सो रहा छोटा भाई मोनू सिंह अंदर पहुंचा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था और बड़े भाई का परिवार एक कमरें में बंद था। उन्हें कुड़ी खोलकर बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर उप निरीक्षक रामवीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। इस संबंध में थानाध्यक्ष रनियां दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, किसी परिचित का हाथ लग रहा है।

**एक माह के भीतर तीसरी बड़ी चोरी :** रनियां थाना क्षेत्र अपराधियों के लिए सेफ जोन बन गया है। बदमाश यहां ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं इससे क्षेत्र में भय का माहौल है। बीते 17 अप्रैल को शिवनाथ पुरवा में दूध विक्रेता कौशल यादव व ओमप्रकाश यादव के घरों में चोरों ने लाखों के जेवरात व नगदी पार कर दी थी। 24 अप्रैल को खानपुर खड़ंजा रोड पर स्थित एक मेडिकल स्टोर में सेंध लगाकर लाखों की दवाइयां व नकदी पार की थी।

# बड़ौली मोड़ के पास मिला युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के बड़ौली मोड़ के समीप नेशनल हाइवे किनारे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया। स्थानीय लोगों के द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये। पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भेजा।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के बड़ौली मोड़ नेशनल हाइवे के समीप एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगो का जमावड़ा लग गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पड़ पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज अतेंद्र कुमार सिंह ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांचपड़ताल शुरू की। चौकी इंचार्ज के द्वारा शव मिलने की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। चौकी इंचार्ज देवीपुर अतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पास किसी तरह का कोई आईडी प्रूफ नही मिल सका जिससे उसकी पहचान हो सके। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति कई दिनों से यहां पर घूम रहा था और वह मंदबुद्धि लग रहा था।

- **फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित कर शुरू की जांच-पड़ताल**

### रेलवे लाइन के पास मिले शव की हुई शिनाख्त

**रनियां।** कानपुर - झांसी रेलमार्ग पर तिलौची स्टेशन के पास मिले शव की शिनाख्त हो गई है। कानपुर नगर के रेऊना घाटमपुर मवई माधो निवासी संदीप कुमार उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र अनिल कुमार कश्यप ग्रोथ सेंटर जैनपुर स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार की सुबह उसका क्षत विक्षत शव तिलौची स्टेशन के पास पड़े होने की सूचना पर जीआरपी थाने के उपनिरीक्षक दिलीप कंचन ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि पिता अनिल कुमार ने शव की शिनाख्त उसके पुत्र संदीप कुमार के रुप में की है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या की बात बताई जा रही है।

## आपसी प्रेम व भाईचारे को मजबूत करते धार्मिक आयोजन

**रसूलाबादः** श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस कथा के सुनने मात्र से व्यक्ति का शरीर एवं वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। वर्तमान समय में समाज को आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता है। ऐसे धार्मिक आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारा और संस्कारों को मजबूत करते हैं। यह बात गंभीरा स्थित प्राचीन जबरिया बाबा धाम परिसर में आयोजित भागवत कथा में कथा वाचक एवं संत कौशलेंद्र द्विवेदी महाराज ने कही। कार्यक्रम के अंतिम दिन हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। कथावाचक ने कहा कि हवन के उपरांत भगवान को अर्पित किए गए प्रसाद को ग्रहण करना एक दिव्य आशीर्वाद है।

# जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर किया जा रहा अवैध खनन!

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र में रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर जेसीबी और ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध खनन किए जाने और इस कार्य में तहसील के दो कर्मचारियों पर मिली भगत होने के आरोप लगाए। किंतु आरोपित कर्मचारियों द्वारा इसकी सूचना खनन माफियाओं तक पहले पहुंच जाने से वे मौके पर फरार हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील में तैनात दोनों कर्मचारी अवैध खनन करने वालों के साथ मिलीभगत कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि कर्मचारी अधिकारियों को गुमराह कर प्रशासन की कार्रवाई को कमजोर कर रहे हैं। हाल ही में लुधौरा क्षेत्र में देर रात ट्रैक्टरों से मिट्टी खनन की सूचना मिली थी, जिस पर तहसील और पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ। हालांकि, टीम के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया भाग गए। इसके साथ ही गोपालपुर तालुका गांव के सामने रसूलाबाद-बिल्हौर मुख्य मार्ग पर हाईटेंशन लाइन के नीचे जेसीबी से खनन का मामला भी सामने आया है जबकि हाईटेंशन लाइन के नीचे खनन प्रतिबंधित होता है। ग्रामीणों ने बताया कि लाला भगत, रसूलाबाद, निभू और पहाडीपुर जैसी जगहों पर रात में खनन का कारोबार शुरू होता है।

तहसीलदार संतोष कुमार ने बताया कि रविवार रात सूचना मिलने पर टीम मौके पर भेजी गई थी। लेकिन वहां कोई नहीं मिला। दोबारा जांच कर स्थानीय लोगों से जानकारी ली जाएगी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।



हाई टेंशन लाइन के नीचे हुआ अवैध खनन। अमृत विचार

- **तहसील के दो कर्मचारियों की भूमिका पर सवालिया निशान**

# स्वगणना को लेकर स्वयं सहायता समूह की बैठक

संवाददाता, रसूलाबाद

- **तहसील सभागार में एसडीएम ने की बैठक**

**अमृत विचार।** जनगणना और आपदा प्रबंधन के संबंध में सोमवार को तहसील सभागार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इसमें उपजिलाधिकारी व तहसीलदार ने महिलाओं को स्वगणना और आपदा प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

एसडीएम शिखा संखवार ने बताया कि भारत जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वजनगणना अभियान को सफल बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने महिलाओं से अपने परिवार और आसपास के लोगों को सही जानकारी दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने तथा डिजिटल माध्यम से जनगणना प्रक्रिया को समझाने की अपील की। तहसीलदार संतोष कुमार सिंह ने महिलाओं को प्राकृतिक आपदाओं जैसे आगजनी, बाढ़ और अन्य आकस्मिक घटनाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। साथ ही प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा निर्देशों का पालन करना आवश्यक बताया। बैठक में महिलाओं को सरकारी योजनाओं, सामाजिक सहभागिता और ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया।

इस दौरान समूह की महिलाओं ने स्व-जनगणना और आपदा प्रबंधन से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिया। बैठक में तहसील कर्मियों सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## सड़क हादसे को लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ एफआईआर

**रसूलाबाद।** शनिवार को कहिंजरी विद्युत सब स्टेशन के निकट एक ऑटो और पिकअप में हुई भिड़ंत के मामले में मृतक पिता-पुत्री व घायल हुई मां ,बेटी की रिपोर्ट मृतक के पुत्र ने थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज कराई है। बड़ागांव कहिंजरी निवासी आकाश पुत्र दिलीप उर्फ दीपू ने पुलिस को बताया कि 9 मई शाम लगभग 6 बजे उसके पिता दिलीप उर्फ दीपू, मां सोनम, बहने नैना उर्फ प्रांसी व गहना ऑटो से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे पिकअप के चालक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो में सवार उसके पिता दीपू उर्फ दिलीप एवं बहन नैना उर्फ प्रांसी की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी मां सोनम और बहन गहना घायल हो गई। इस पर वह इसकी रिपोर्ट लिखाने आया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

बैठक | सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम

# गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजन हुआ। इसमें राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिलाधिकारी कपिल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना गया। सभी ने भारतीय संस्कृति, परंपरा तथा आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। नगर निकायों एवं विकास खंडों के अंतर्गत आने वाले शिवालयों-मंदिरों में विशेष स्वच्छता अभियान चला।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गईं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की गौरवशाली परंपरा, सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है, जो समाज को सकारात्मक ऊर्जा और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत करता है। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रशासन, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों एवं आमजन के सहयोग से संपन्न हुआ। जनपद में आयोजित इस कार्यक्रम ने सांस्कृतिक जागरूकता, स्वच्छता संदेश और सामाजिक एकजुटता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल, उपायुक्त नरेगा अशोक कुमार, डीसी एनआरएलएम गंगाराम सहित अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान सुना गया पीएम नरेंद्र मोदी का उद्बोधन। अमृत विचार

### महाकालेश्वर मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर हुआ पूजन

**शिवली :** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित सोमनाथ संकल्प महोत्सव में सहभाग कर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बैरी के महाकालेश्वर शिव मंदिर दर्शन के बाद पूजन अर्चन किया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा एवं राष्ट्रीय आत्म गौरव के पुनर्जागरण का शंखनाद है।भारत की जड़ों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। प्रत्येक सनातन धर्मावलंबी के लिए बेहद खुशी का दिन है। सबको विजय और पुनर्जागरण के इस दिन को याद रखना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ


चौकी प्रभारी को विदाई देते लोग।

### गोहांड चौकी इंचार्ज को विदाई, नए आए

**गोहांड (हमीरपुर)।** पुलिस चौकी के प्रभारी वीरेंद्र प्रसाद का पुलिस लाइन स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उन्हें फूलों की माला पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इसके साथ ही मौदहा कोतवाली से आए नवागंतुक चौकी प्रभारी जिशान्त खोखर का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शंकर सिंह लोधी, शिक्षक मुन्नालाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चौबेपुर में कार की टक्कर से महिला घायल,हालत गंभीर

**चौबेपुर।** क्षेत्र के अमिलिहा गांव स्थित विन्यास पब्लिक स्कूल के सामने हाईवे क्रास कर रही महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया। मालूम हो कि कस्बा निवासी पम्मी पत्नी मनोज सोमवार को बच्चे की फीस जमा करने के लिए अमिलिहा गांव स्थित एक स्कूल गई थीं। वहां से वापस घर लौटने के लिए वे हाईवे क्रॉस रही थीं, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला।दुर्घटना देख दौड़े आसपास के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए निकट के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना करने वाली कार का पता लगाया जा रहा है।

### 3 महिलाओं ने खाया जहर, सभी भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में तीन महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। क्षेत्र के भैंसमरी निवासी निशा (20) पुत्री वरदानी ने अज्ञात कारणों के चलते जानवरों के कीड़े मारने की दवा ब्यूटेक्स पी ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। इसी तरह कस्बा निवासी शालू (24) पत्नी शरीफ और राखी (28) पत्नी देव प्रकाश ने जहरीला पदार्थ हापिक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। तीनों महिलाओं का इलाज जारी है। पुलिस को सूचना दे दी गई है। जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### शराबी पति के विरुद्ध थाने में दी तहरीर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नौहाई गांव में महिला ने अपने शराबी पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। नौहाई गांव निवासी कल्पना ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है। वह अक्सर शराब के नशे में धुत होकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करता रहता है। बताया कि शनिवार देर शाम उसका पति शराब पीकर घर आया और गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अनूप कुमार ने बताया कार्रवाई की जा रही है।

### भट्ठे से किशोरी को ले गया परिचित युवक

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के परिजनों ने कोतवाली में शिकायत देकर बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किशोरी के पिता के अनुसार परिवार इन दिनों बुलंदशहर में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। वहीं काम करने वाले कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहगांव निवासी हंसराज का उनकी नाबालिग नातिन से संपर्क हो गया था। शुक्रवार रात करीब दो बजे हंसराज किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने बताया कि किशोरी घर में रखे पांच हजार रुपये और एक मोबाइल फोन भी ले गई है। घटना के बाद परिवार चिंतित है और पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहा है। कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि मामला दूसरे क्षेत्र से संबंधित होने के कारण आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

# डबल डेकर बस ट्रक में घुसी, दो की मौत

## लखनऊ -आगरा एक्सप्रेसवे पर हुआ जबरदस्त हादसा, हादसे में 11 लोग घायल हुए

**हादसा**

संवाददाता, बिल्हौर


हादसे के बाद पलटा पड़ा ट्रक।


दुर्घटना के बाद खड़ी बस।


अस्पताल में बस यात्रियों से बातचीत करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अरौल क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सोमवार भोर पहर तेज रफ्तार डबल डेकर बस चालक को झपकी आने से अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे ट्रक में जा भिड़ी। जोरदार टक्कर से ट्रक पलट गया, जबकि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस व ट्रक चालक समेत 11 लोग घायल हो गए। वहीं उपचार के दौरान दो लोगों की कानपुर के हैलट में मौत हो गई। सोमवार की भोर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा कर्मियों ने राहत कार्य चलाकर घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया।

सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किमी. 221 पर अरौल टोल प्लाजा के पास हादसा हुआ। टेग्रा एक्सप्रेस वे की डबल डेकर बस पटना से करीब 40 यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। इसी दौरान चालक को झपकी आ गई और तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक पलट गया। ट्रक में आरारोट की बोरियां लदी हुईं थीं और ट्रक सिलीगुड़ी से सहारनपुर जा रहा था। हादसा होते ही बस में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे एसीपी सुभाष चंद्र, इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह यादव और पुलिस बल ने बस में फंसे यात्रियों को लोगों की मदद से बाहर निकलवाया। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल नीरज, बबलू और रितेश को कानपुर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान हादसे में घायल हुए बबलू पुत्र उमेश निवासी जिला मोतिहारी बिहार और नीरज पुत्र दर्शन पटेल निवासी जिला मोतिहारी की मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह चालक को झपकी आना सामने आई है। बस की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक होने का अनुमान है। हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त बस और पलटे ट्रक को हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### स्लीपर बस का न चालक मिला न ही ड्राइविंग लाइसेंस

■ **बिल्हौर।** आगरा एक्सप्रेस पर बिहार से दिल्ली जा रही स्लीपर बस हादसे की जांच करने के लिये संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव की अगुवाई में प्रवर्तन दल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बस के कागजात को कब्जे में लेकर मुआयना किया। प्रवर्तन दल को कंडक्टर मौके पर मिला लेकिन बस चालक की कोई जानकारी नहीं मिली। चालक का नाम अतुल कुमार निवासी बाबरपुर थाना अजीतमल औरैया है। चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस है या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। इस संबंध में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि अगर चालक के पास कामर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस होता तो वह भागता नहीं बल्कि सरेंडर कर देता है। उन्होंने बताया कि ट्रक के कागजात ठीक पाये गये हैं। उन्होंने बताया कि दोनों मृतक मोतिहारी बिहार के हैं।

### घटना में घायल लोग

■ रितेश निवासी मधुवन बिहार, विकलेश निवासी एटा, सुदीप सिंह निवासी पौड़ी गढ़वाल, वीरपाल निवासी भिंड (मध्य प्रदेश), रजत कुमार निवासी औरैया, बिट्टू पटेल निवासी दिल्ली, निरंजन निवासी मुजफ्फरपुर, प्रीति निवासी रुद्रपुर, बिहार और आसिफ निवासी झज्जर, हरियाणा समेत अन्य घायल हुए।

# ट्रेन में आग लगने की अफवाह से भगदड़, चलती ट्रेन से कूदे यात्री

संवाददाता ,शिवराजपुर


ट्रेन के नीचे खड़े यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के बर्राजपुर रेलवे स्टेशन से लगभग 500 मीटर पहले रेल पटरी पर धूल उड़ने से ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैल गई। इसके बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई और उन्होंने घबड़ाकर चेन पुलिंग कर दी। जैसे ही ट्रेन की स्पीड कम हुई वैसे ही यात्री चलती ट्रेन से कूदने लगे। यह देखकर लोको पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन खड़ी कर दिया ।

सोमवार को शाम 4 बजे कानपुर अनवरगंज से कासगंज को जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन कल्याणपुर होते हुए शिवराजपुर से पहले पकरा क्रॉसिंग के पास पहुंची ही थी कि तभी ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैलने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर नई गिट्टी डाली गई थी जिसके कारण ट्रेन आने पर तेजी से धूल का गुब्बार उड़ा। तभी किसी व्यक्ति ने ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैला दी, जिससे दहशत में आए यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन के धीमा होते ही कई यात्री घबराकर चलती ट्रेन से कूदने लगे। इस दौरान महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में चीख-पुकार मच गई।स्थिति को भांपते हुए लोको पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को सुरक्षित रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ट्रेन आगे के लिए रवाना हो चुकी थी। इस मामले में मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि ट्रेन मेंटेनर हुकुम सिंह मीणा व स्टेशन मास्टर रामचरित्र से बात की गई सब कुछ ठीक होने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया अफवाह फैलाने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# लापता बच्चे को दो घंटे बाद ही पुलिस ने किया बरामद

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बजरहापुरवा गांव में सोमवार सुबह शौच क्रिया के लिए घर से निकला पांच वर्षीय मासूम अचानक कहीं लापता हो गया। परिजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर घरवालों के सुपुर्द कर दिया।

बजरहापुरवा गांव निवासी रानी पत्नी राकेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 5 वर्षीय बेटा आदित्य सोमवार सुबह करीब 6:00 बजे शौच क्रिया के लिए घर से निकला था। काफी देर तक वापस न लौटने पर उसकी तलाश शुरू की।आसपास क्षेत्र में तमाम खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नही लग सका।प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित की। उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र मौर्या, अमित सिंह राघव, सूर्य प्रकाश दुबे व सुदेश कुमार की टीम ने बच्चे की तलाश शुरू की। आसपास गांवों के लोगों से पूछताछ के साथ कस्बे की बाजार व कुछ अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं लग सका। तभी सूचना मिली कि बेला मार्ग स्थित मकानपुरवा गांव के सामने एक पशु आहार फैक्ट्री के पास लावारिश बच्चा दिखाई दिया है। पुलिस टीम पहुंची और बच्चे की पहचान आदित्य के रूप में की।

# विवाद में अधेड़ को साबड़ मार कर किया मरणासन्न

संवाददाता, चौबेपुर

● क्षेत्र के इंदलपुर जुगराज गांव में रविवार देर रात हुई घटना

**अमृत विचार।** क्षेत्र के इंदलपुर जुगराज गांव में रविवार देर रात मामूली विवाद के बाद पड़ोसी ने अधेड़ पर साबड़ से हमला कर दिया। मारपीट में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखकर उसे हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के इंदलपुर जुगराज गांव निवासी बांकेलाल व रामबाबू के घर अगल-बगल स्थित हैं। बताया गया है रविवार देर रात बाँकेलाल का बेटा अंकुश नशे की हालत में घर पहुंचा और पुरानी बातों को लेकर पड़ोसी रामबाबू के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध जताने पर उसने निकट ही रखे लोहे के साबड़ से रामबाबू पर हमला कर दिया। जिससे रामबाबू गंभीर रूप से घायल हो गये। इस दौरान बचाव के लिए दौड़ी रामबाबू की बहू को भी अंकुश ने जमकर पीटा।

सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सी एच सी लेकर गई। गंभीर चोटों के चलते रामबाबू को हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कराई जा रही है।

# नर्स बताकर बच्चा लेकर भागी महिला, दबोची गई

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार देर रात बच्चा चोरी का प्रयास करते हुए एक महिला को परिजनों ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के बम्हौरी गांव निवासी अवनीश ने बताया कि उनकी पत्नी मंजू को सीएचसी के जच्चा-बच्चा वार्ड में बच्चा हुआ था । आरोप है, एक महिला दोपहर से ही अस्पताल में में घूम रही थी। देर रात करीब 10 बजे महिला वार्ड में गई और पत्नी से बच्चे को जांच कराने के लिए लेकर जाने की बात कही और बच्चे को लेकर कमरे से बाहर जाने लगी । इस दौरान प्रसूता ने परिजनों को फोनकर बताया कि नर्स बच्चे लेकर जा रही है। महिला जैसे ही वार्ड से बाहर आई वह गेट की ओर दौड़ने लगी। तभी परिजनों और वहां पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने महिला को दौड़कर पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने सीएचसी पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांची तो सामने आया कि महिला दोपहर से सीएचसी में घूम रही थी। किसी को शक न हो इसलिए वह स्टॉफ रूम की ओर भी जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हुआ कि, महिला ने नर्स बताते हुए बच्चे को जांच कराने के लिए लेकर जाने की बात कहकर बच्चा लेकर भागने लगी।

**सुरक्षा का भरोसा** राहगीरों, व्यापारियों व स्थानीय लोगों से किया संवाद

# शांति बनाए रखने को पुलिस का पैदल मार्च

संवाददाता, चौबेपुर


कस्बे में पैदल गश्त करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना पुलिस ने सोमवार को कस्बे में पैदल मार्च निकाला। इस दौरान राहगीरों, व्यापारियों व स्थानीय लोगों से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

थाने से शुरू हुआ पैदल मार्च कस्बे की विभिन्न गलियों से होता हुआ जीटी रोड पर पहुंचा। जहां से मुख्य बाजार होते हुए बिठूर रोड तिराहे तक गया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा की अगुवाई में निकाले गए पैदल गश्त में पुलिस ने स्थानीय लोगों, व्यापारियों से शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की। कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की अफवाह अथवा माहौल बिगाड़ने का कार्य करता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच भी की गई। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण के साथ जनता व पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत बनाना है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पुत्र के पासपोर्ट पर मेरा घरेलू नाम छिटाना देवी अंकित है जो गलत है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम **छिटाना पत्नी स्वर्गीय रामकुमार निवासी ग्राम पूरे नौरंग सिंह मजरे व पोस्ट आलमपुर तहसील लालगंज जनपद रायबरेली** है। मैं छिटाना के नाम से ही जानी पहचानी जाती हूं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मितौली ब्लाक बेहजम की न्याय पंचायत नीमगांव की ग्राम पंचायत किशनपुर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक मई 15/05/2026 प्राथमिक विद्यालय माझा नगर में आयोजित की जा रही है इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें । **रेशमा पांडे ,ग्राम पंचायत किशुनपुर ब्लॉक बेहजम, तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी मोबाइल नंबर 94506 87059**

**सूचना**

मैं **बीनू पुत्र नरवीर सिंह नि0 ग्रा0 सिसैया नगला पो0 कुंअरपुर बनवारी छिबरामऊ कन्नौज** जो क्रय किया है दिलीप कुमार पुत्र पूजन सिंह इनकी रजिस्टी वही सं0 1 जिल्द सं0 6008 पृष्ठ सं0 2 से 16 तक क्रमांक 126 पर दिनांक 27-12-2017 पंजीकृत उपनिबन्धक छिबरामऊ कन्नौज में दर्ज हुई है। जो वास्तव में खो गयी है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना ऑनलाइन के माध्यम से एफ0आई0आर0 नं0- 20260000113256 दिनांक 27-01-2026 को दर्ज करा दिया है।

**सूचना**

मैं **नाजिमा बानो पत्नी फारुख अली निवासी मनेरा, नवाबगंज, जिला- बाराबंकी** मेरे पति फारुख के नाम पालिसी नं0- 218713808 है। जिनकी मृत्यु दिनांक- 12/04/2018 हो गई है। उक्त पालिसी की जानकारी न होने के कारण उक्त पालिसी का दावा प्रस्तुत करने में देरी हो गई है, जो माफ़ी योग्य है मैं कम पढ़ी-लिखी होने के कारण पालिसी क्लेम देरी हुई है। मैं मृतक पति के उक्त पालिसी का देर से दावा स्वीकार किये जाने की अति आवश्यकता है ।

**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अनुज कुमार गुप्ता को उसके खराब आचरण और प्रताड़ना से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। अनुज कुमार गुप्ता के किसी कृत्य व लेन-देन से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है, न ही मेरी संपत्ति में वो हकदार होगा। **नन्दलाल गुप्ता सुत कंधई लाल निवासी मकान नंबर- 1697 डिहवा, थाना कोतवाली नगर, जिला सुलतानपुर**

**सूचना**

मैने अपना नाम AAFRA KHATOON निवासी -202, Farabi Foster Apartment, Sector-7 ,Vikas Nagar, LUCKNOW से बदल कर AFRA KHAN D/o MOHD SAKIM कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**NOTICE**

Important Notice It is hereby informed to the general public that I have changed my name from A. MOID to ABDUL MOID S/O ABDUL JABBAR. In the future, I shall be known and recognized by the ABDUL MOID, Address: VILL-HARHATA, POST-GUDRA, BALRAMPUR, UP. ABDUL MOID S/O ABDUL JABBAR Note: OLD NAME: A. MOID NEW / CHANGED NAME: ABDUL MOID

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि मैंने अपना नाम RAKESH DIXIT से बदल कर RAKESH KUMAR DIXIT रख लिया है। भविष्य में मुझे RAKESH KUMAR DIXIT के नाम से जाना व् पहचाना जाये। **राकेश कुमार दीक्षित पुत्र सुरेश कुमार दीक्षित निवासी 345, मनोहर नगर, बर्रा-2, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश- 208027**

**NOTICE**

Shivraji mother of JC-355913A Sub Mishra Jayshankar Shri Hosilaprasad presently residing at Village Dauri Faridpur, Post Mokalpur, Ps. Akhand Nagar,Teh. Kadipur District Sultanpur State Uttar Pradesh have changed my name and DOB form Shivraji to Shivraji Devi form and my DOB from 02 Sep 1936 to 15-05-1938 vide affidavit IN-UP-49966657765740Y date 07-05-2026 before Sadar Sultanpur


**कार्यालय- सहायक आयुक्त, राज्य कर**
**सचल दल इकाई- षष्ठम, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश**

पत्र सं0 33(i)/सहा0आयु0रा0क0स0द0 षष्ठम इकाई0 कानपुर/2026-27/दिनाँक 11/05/2026

नीलामी सूचना
प्रारूप जीएसटी डीआरसी-10
[ नियम-144क देखिये ]
अधिनियम की धारा- 129(6) के अधीन नीलामी के लिये नोटिस

धारा- 129 के अधीन प्रतिधारित या अभिग्रहीत माल या प्रवहण धारा- 129 की उपधारा (3) के अधीन संदेय रूपये- 11295000.00/- की शास्ति की वसूली तथा ऐसे माल या प्रवहण की सुरक्षित अभिरक्षा में उपगत व्यय तथा अन्य प्रशासनिक व्यय के लिये धारा-129 की उपधारा (6) के उपबन्धों के अनुसार विक्रय या निपटान के लिये दायी है।

विक्रय सर्वजानिक नीलामी द्वारा होगा और माल तथा/ या प्रवहण अनुसूची में विनिर्दिष्ट लाटों में विक्रय के लिये रखा जायेगा। विक्रय व्यतिक्रमी का अधिकारी हक और हित होगा और उक्त संपत्तियों से संलग्न दायित्व और दावे, जहां तक उन्हे अभिनिश्चित किया गया है, वो सम्पत्तिया है जिन्हे प्रत्येक लॉट के सामने अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है।

नीलामी दिनांक 13/05/2026 को प्रात: 11:00 बजे की जायेगी।

प्रत्येक लॉट का मूल्य, विक्रय के समय या उचित अधिकारी/विनिर्दिष्ट अधिकारी के निदेशानुसार संदत्त किया जायेगा और भुगतान के व्यतिक्रम में माल और/0 या प्रवहण, नीलामी और पुनः विक्रित के लिये पुनः रखा जायेगा।

अनुसूची

| क्रम सं0 | भौतिक सत्यापन में प्राप्त बिना प्रपत्रों का माल | माल का HSN CODE | माल की मात्रा (वाहन में कुल 250 नग लोड पाये गये) |
|---|---|---|---|
| 1 | TIRANGA PAN MASALA | 21069020 | कुल 2259000 POUCH पान मसाला MRP-3/- |
| 2 | TNG CHEWING TOBACCO | 24039930 | कुल 2259000 POUCH तम्बाकू MRP-2/- |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण / व्यक्ति नियत स्थान पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे। नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल षष्ठम इकाई, कानपुर द्धमो0-7235002556ऋ से दिनांक 12-05-2026 तक प्रात: 10रू00 बजे से सायं 05रू00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी में प्रतिभाग करने के लिये नियम एवं शर्ते-

1. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारी/व्यक्ति का जीएसटी के अन्तर्गत पंजीयन अनिवार्य है। 2. नीलामी में सफल बोलीदाता द्वारा कर (TAX) एवं उपकर (CESS) सेस का भुगतान R.C.M के आधार पर किया जायेगा। 3. उचित अधिकारी के पास नीलामी के संबंध में सर्वाधिकार सुरक्षित है। 4. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारी/व्यक्ति को बोली पूर्व रकम (PRE - BID DEPOSIT) रूपये 1,00,000/- (नगद) नियमानुसार जमा करना होगा तथा बोली में असफल व्यापारी/व्यक्ति को उनकी यह धनराशि लौटा दी जायेगी। 5. नीलामी की कार्यवाही दिनांक 13-05-2026 को प्रात: 11:00 बजे सचल दल षष्ठम इकाई, कार्यालय कमरा नं0 221, द्वितीय तल, वाणिज्य/राज्य कर विभाग, लखनपुर, कानपुर नगर में की जायेगी।

(ज्योति धारीवाल) सहायक आयुक्त, राज्य कर
सचल दल षष्ठम इकाई, कानपुर

**कार्यालय - सहायक आयुक्त, राज्य कर**
**सचल दल इकाई- षष्ठम, कानपुर नगर उत्तर प्रदेश**

पत्र सं0 34(i)/सहा0आयु0रा0क0स0द0षष्ठम इकाई0कानपुर/2026-27/दिनाँक 11/05/2026

नीलामी सूचना
प्रारूप जीएसटी डीआरसी-10
[ नियम-144क देखिये ]
अधिनियम की धारा- 129 (6) के अधीन नीलामी के लिये नोटिस

धारा- 129 के अधीन प्रतिधारित या अभिग्रहीत माल या प्रवहण धारा- 129 की उपधारा (3) के अधीन संदेय रूपये- 65,64,400.00/- की शास्ति की वसूली तथा ऐसे माल या प्रवहण की सुरक्षित अभिरक्षा में उपगत व्यय तथा अन्य प्रशासनिक व्यय के लिये धारा-129 की उपधारा (6) के उपबन्धों के अनुसार विक्रय या निपटान के लिये दायी है।

विक्रय सर्वजानिक नीलामी द्वारा होगा और माल तथा/ या प्रवहण अनुसूची में विनिर्दिष्ट लाटों में विक्रय के लिये रखा जायेगा। विक्रय व्यतिक्रमी का अधिकारी हक और हित होगा और उक्त संपत्तियों से संलग्न दायित्व और दावे, जहां तक उन्हे अभिनिश्चित किया गया है, वो सम्पत्तिया है जिन्हे प्रत्येक लॉट के सामने अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है।

नीलामी दिनांक 13/05/2026 को प्रात: 11:00 बजे की जायेगी।

प्रत्येक लॉट का मूल्य, विक्रय के समय या उचित अधिकारी/विनिर्दिष्ट अधिकारी के निदेशानुसार संदत्त किया जायेगा और भुगतान के व्यतिक्रम में माल और/0 या प्रवहण, नीलामी और पुनः विक्रित के लिये पुनः रखा जायेगा।

अनुसूची


| क्र0सं0 | माल या प्रवहण का विवरण | परिमाण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | TOBACCO SRT1000 | 30 NUG 187200 POUCH |
| 2 | TOBACCO SRT1000 | 1 NUG 2080 POUCH |
| 3 | PAN BAHAR (CRISTAL) PAN MASALA | 50 NUG 600000 POUCH |
| 4 | TOBACCO (WARQ) | 10NUG 600000 POUCH |
| 5 | TOBACCO (2X) | 3 NUG 54000 POUCH |
| 6 | PAN MASALA (SWAGAT ROYAL) | 5.NUG 20800 POUCH |
| 7 | PLASTIC SPOON | 10400 PCS |
| 8 | PAN MASALA (SWAGAT ROYAL) | 32 NUG 133120 POUCH |
| 9 | PLASTIC SPOON | 66560 PCS |
| 10 | PAN MASALA (BAHAR) | 15 NUG 54000 POUCH |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति नियत स्थान पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे। नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल षष्ठम इकाई, कानपुर (मो0-7235002556) से दिनांक 12-05-2026 तक प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी में प्रतिभाग करने के लिये नियम एवं शर्ते-

1. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारी/व्यक्ति का जीएसटी के अन्तर्गत पंजीयन अनिवार्य है। 2. नीलामी में सफल बोलीदाता द्वारा कर (TAX) एवं उपकर (CESS) सेस का भुगतान R.C.M के आधार पर किया जायेगा। 3. उचित अधिकारी के पास नीलामी के संबंध में सर्वाधिकार सुरक्षित है। 4. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारी/व्यक्ति को बोली पूर्व रकम (PRE - BID DEPOSIT) रूपये 1,00,000/- (नगद) नियमानुसार जमा करना होगा तथा बोली में असफल व्यापारी/व्यक्ति को उनकी यह धनराशि लौटा दी जायेगी। 5. नीलामी की कार्यवाही दिनांक 13-05-2026 को प्रात: 11:00 बजे सचल दल षष्ठम इकाई, कार्यालय कमरा नं0 221, द्वितीय तल, वाणिज्य/राज्य कर विभाग, लखनपुर, कानपुर नगर में की जायेगी।

(ज्योति धारीवाल) सहायक आयुक्त, राज्य कर
सचल दल षष्ठम इकाई, कानपुर



मैं सो गया और मैंने सपना देखा कि जीवन आनंदमय है। मैं जागा और देखा कि जीवन सेवा है। मैंने कर्म किया और देखा कि सेवा ही आनंद है।
-रवींद्र नाथ टैगोर


# अमृत विचार
कानपुर महानगर
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार,12 मई 2026



## कानपुर के प्रमुख समाचार
- शराब के पैसे न मिलने पर लगाई आग-VI
- सराफा बाजार में अफरातफरी, आक्रोश -VII
- लेजर से तय होगी बूंदों की दिशा-रफ्तार -VIII



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# पनकी औद्योगिक क्षेत्र में दूर होगी जलभराव-सीवर की समस्या

## यूपीसीडा ने 182.75 करोड़ से बुनियादी सुविधाएं सुधार कर मॉडल क्षेत्र बनाने का उठाया बीड़ा



पनकी में खुला नाला हादसों को दावत दे रहा। अमृत विचार



सड़क किनारे पसरा कूड़ा और कबाड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विकास के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण 182.75 करोड़ रुपये से औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव और सीवर समस्या का निदान करने के साथ टूटी सड़कों का भी निर्माण कराएगा। वर्तमान में पनकी औद्योगिक क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या जलभराव की है, जिसके कारण न सिर्फ उद्यमियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है, बल्कि कई बार माल का आवागमन भी बाधित हो जाता है।

यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्रों को मॉडल इंडस्ट्रियल एरिया के तौर पर विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। इसी योजना के तहत पनकी औद्योगिक क्षेत्र के लिए कार्ययोजना तैयार करके काम शुरू करने की तैयारी की गई है। पनकी औद्योगिक क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या सीवर लाइन नहीं होना है। यहां साइट एक और पांच में नाले तो हैं, लेकिन बरसात का पानी निकलने की कोई व्यवस्था नहीं है। साइट एक में नाला जर्जर अवस्था में है और नालियां चोक हो चुकी हैं। अतिक्रमण के कारण इनकी सफाई तक नहीं हो पाती है। इसके विपरीत साइट दो, तीन तथा चार में नाला या नालियां नहीं होने से जल निकासी ही नहीं हो पाती है, और बड़ी मात्रा में पानी महीनों तक जमा रहता है।

इन तीनों साइट में सड़क के किनारे फुटपाथ नहीं बना है, कच्ची जमीन होने के कारण धूल उड़ती है और सड़क भी क्षतिग्रस्त होती रहती है। पनकी औद्योगिक क्षेत्र के लिए एसटीपी बनाने की उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के माध्यम से शासन से पहले ही स्वीकृति ली जा चुकी है।

### टैक्स लेकर नगर निगम भूल जाता था

- पनकी औद्योगिक क्षेत्र में पहले नगर निगम की ओर से टैक्स वसूला जाता था। नियमत: इस यहां से वसूले जाने वाले टैक्स का 60 फीसद हिस्सा यहां सुविधाओं के विकास पर नगर निगम को खर्च करना था लेकिन नहीं किया गया। इससे उद्यमी नाराज थे और बार- बार सुविधाओं का मुद्दा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव आदि के समक्ष उठाते थे। ऐसे में शासन ने नगर निकायों के क्षेत्र में आने वाले औद्योगिक क्षेत्र संबंधित विकास प्राधिकरण को सौंप दिए। इसी कड़ी में पनकी औद्योगिक क्षेत्र भी यूपीसीडा को मिला और अब वहां सुविधा विकास की जिम्मेदारी प्राधिकरण निभा रहा है।

**77** करोड़ रुपये से किया जाएगा नाले का निर्माण

**90** करोड़ से पड़ेगी सीवर लाइन, बनेगा एसटीपी

**15** करोड़ रुपये सड़कों के सुधार पर होंगे खर्च

### उद्यमियों की राय



पनकी औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विकास बहुत ही जरूरी है। यूपीसीडा सीईओ से इस संबंध में बैठक की गई थी। इसके सकारात्मक परिणाम आए हैं। नाला, सीवर लाइन और एसटीपी का निर्माण करने की पहल स्वागत योग्य है।
**-दिनेश बरासिया, मंडल अध्यक्ष आईआईए**



पनकी में कई विदेशी खरीदार आते हैं यहां के हालात देखकर काफी नेगेटिव असर उन पर पड़ता है। स्थिति यह है कि उद्यमियों को भी यहां रोजाना परेशानी होती है। अब प्राधिकरण विकास कार्य कराने जा रहा है तो यह बहुत ही अच्छी बात है।
**-सुशील टकरू**



पनकी औद्योगिक क्षेत्र के विकास की मांग कई वर्षों से हो रही थी। प्राधिकरण प्रबंधन जल निकासी, सड़क आदि की समस्या का समाधान कराने के लिए आगे आया है। विकास कार्य होने से उद्यमियों को बड़ी राहत मिलेगी
**-मनोज बंका, प्रांतीय अध्यक्ष पीआईए**



हम लोग लंबे समय से पनकी के विकास के लिए संघर्ष कर रहे थे। अब जाकर इसकी सुनवाई हुई है। जलभराव की समस्या का समाधान बहुत ही जरूरी है। सड़कों की मरम्मत भी जरूरी है। एसटीपी की आवश्यकता है जो बननी चाहिए।
**-सुमित चावला, उद्यमी**



सेंट्रल स्टेशन पर चेकिंग अभियान चला। अमृत विचार

# सेंट्रल स्टेशन पर हाई अलर्ट चप्पा-चप्पा खंगाला गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **ट्रेनों की तलाशी, प्लेटफार्मों पर पार्सलों, पैकेटों की जांच की**
- **डाग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ते ने स्टेशन की तलाशी ली**

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन अतिसंवेदनशील स्टेशनों की श्रेणों में आता है। सोमवार को दिल्ली में हाई अलर्ट होने के बाद कानपुर सेंट्रल स्टेशन को भी हाई अलर्ट पर रखा गया और चेकिंग दस्ता ने स्टेशन परिसर के साथ ही संदिग्ध यात्रियों की तलाशी ली।

सोमवार को आरपीएफ प्रभारी एसएन पाटीदार, क्राइम ब्रांच के प्रभारी अजीत तिवारी, जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह, बम निरोधक दस्ता, डाग स्क्वायड ने स्टेशन की तलाश ली। प्लेटफार्म नंबर 1 पर आरएमएस के सामने पड़े पैकेटों की मेटल डिटेक्टर से चेकिंग की गई। इसी प्रकार कैंट साइड में जीआरपी थाना के पीछे पड़े पार्सल, पैकेट की भी जांच की। जनसाधारण एक्सप्रेस, नेता जी एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जोधपुर हावड़ा एक्सप्रेस, पटना आनंद विहार एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में संदिग्ध यात्रियों के सामानों की जांच की गई और कई यात्रियों से पूछताछ की गई। सिटी साइड में पार्सल घर में भी पैकेटों की जांच की गई। टिकट घर, सरकुलेटिंग एरिया, आरक्षण केंद्र में भी चेकिंग अभियान चलाया गया।

## खोये मोबाइल पाकर चेहरे पर लौटी मुस्कान

**कानपुर।** सेंट्रल जोन की सर्विलांस सेल ने सीसी फुटेज, लोकेशन ट्रैकिंग के माध्यम से कार्रवाई करते हुए 101 खोये मोबाइल बरामद किए। सोमवार को डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव और एडीसीपी सेंट्रल डा.अर्चना सिंह ने लोगों को उनके खोये हुए मोबाइल सौंपे तो उनके चेहरे पर खुशी लौट आई। इस दौरान सर्विलांस प्रभारी लोकेंद्र सिंह और सिपाही आलोक व नवीन के प्रयास की सराहना की गई।

## शहर में आज

- **उद्घाटन :** केसीएम द्वारा मोतीराम एडवोकेट स्मारक अंडर 15 क्रिकेट प्रतियोगिता का कानपुर साउथ मैदान में शुभारंभ प्रात : 7 बजे।
- **प्रतियोगिता :** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कालेज मेस्टन रोड पर मां लक्ष्मी देवी लाहोटी प्रतियोगिता प्रात : 10 बजे।
- **विरोध मार्च :** बहुजन मुक्ति मोर्चा एवं उनके सभी ऑफसूट संगठनों द्वारा चेतना चौराहा से जिलाधिकारी कार्यालय तक स्मार्ट मीटर, गैस की किल्लत समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध मार्च प्रात : 11 बजे।
- **ज्ञापन :** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा दिव्यांगजनों के बच्चों को कापी किताब का पैसा नहीं दिये जाने के विरोध में बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रात : 11 बजे। भाकपा मार्क्सवादी द्वारा परेड बाजार को खाली कराने के विरोध में डीएम को ज्ञापन दोपहर 12 बजे। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर द्वारा आरटीई अधिनियम के अंतर्गत स्कूलों द्वारा गरीब बच्चों का प्रवेश नहीं लिये जाने के विरोध में डीएम को ज्ञापन दोपहर 1 बजे।
- **साइकिल वितरण :** पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सम्राट विकास द्वारा गोल्ड ग्लैक्सी ब्रह्मदेव चौराहा मसवानपु, जेस इंटर कालेज गुजैनी, बाल उद्यान इंटर कालेज दादा नगर में साइकिल वितरण सायं 6 बजे।
- **कैंडिल मार्च :** होजरी व्यापारी की हत्या के विरोध में शिवाला व्यापार मंडल द्वारा सिरकी मोहाल तिराहा से बड़ा चौराहा तक कैंडिल मार्च सायं 6 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### 25 मई से शुरू होगा नौतपा, बढ़ेगी गर्मी

**कानपुर।** गर्मी के तेवर आने वाले दिनों में और तीखे हो सकते हैं। ज्योतिषाचार्य मनोज कुमार द्विवेदी के अनुसार 25 मई से नौतपा प्रारंभ होने जा रहा है। नौतपा वह विशेष अवधि होती है जब सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं और लगातार नौ दिनों तक तेज गर्मी तथा लू का प्रभाव बना रहता है। इस बार नौतपा के दौरान गर्मी और अधिक प्रचंड हो सकती है। यह स्थिति 22 जून तक प्रभावी रहने की संभावना है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस अवधि में दिन के तापमान में तेजी से वृद्धि हो सकती है। भीषण लू, उमस और शुष्क हवाओं का असर लोगों को परेशान कर सकता है। लोगों को तेज धूप में सिर ढककर निकलने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा है। पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने को कहा है।

# स्वर्ण शताब्दी, वंदेभारत 42 दिन बाद आएंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **लखनऊ रेल मार्ग पर गुरुवार से ट्रेन संचालन शुरू हो जाएगा**

**अमृत विचार।** शहरवासियों के लिए खुशखबरी है। पिछले 42 दिनों से बदले रूट से चल रही लखनऊ रेलमार्ग की कई वीआईपी ट्रेनें फिर कानपुर सेंट्रल स्टेशन होकर चलने लगेंगी। इनमें लखनऊ से नई दिल्ली तक चलने वाली स्वर्णशताब्दी एक्सप्रेस एवं अयोध्या से दिल्ली के आनंद विहार तक चल रही वंदेभारत एक्सप्रेस शामिल हैं, ये दोनों वीआईपी ट्रेनें अभी लखनऊ से शाहजहांपुर, बरेली होते हुए चल रही हैं।

लखनऊ रेलमार्ग पर गंगा पुल पर स्लीपर बिछाने का काम पूरा हो गया था। इस कार्य को करने के लिए 2 अप्रैल 2026 से 13 मई 2026 तकर 42 दिनों का मेला ब्लाक दिया गया था। जिसमें सुबह 8.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक ब्लाक देने की घोषणा की गई थी लेकिन दैनिक यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए ये ब्लाक प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक कर दिया गया था उसके बाद भी दैनिक यात्रियों की सुविधा के लिए निरस्त की गई कई मेमू और प्रतापगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस को चलाया जाता रहा लेकिन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस, वंदेभारत एक्सप्रेस वाया बरेली चल रही हैं जबकि कानपुर लखनऊ मेमू, झांसी लखनऊ इंटरसिटी, आगरा फोर्ट लखनऊ इंटरसिटी, पुणे लखनऊ एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया गया था। नीलांचल एक्सप्रेस, कवि गुरु एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनल-लखनऊ एक्सप्रेस को बदले रूट से चलाया जा रहा है। इस संबंध में उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह का कहना है कि 13 मई को मेगा ब्लाक का समय खत्म हो रहा है, उसके बाद ट्रेनें पूर्व की भांति अपने रूट से चलेंगी।

## वीआईपी रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने अधेड़ को उड़ाया

**कानपुर।** वीआईपी रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मार दी। हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं बाइक सवार युवक का प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है।

ग्वालटोली स्थित अस्पताल घाट निवासी 50 वर्षीय घनश्याम वीआईपी रोड स्थित लेदर इंस्टीट्यूट में मजदूर थे। परिवार में पत्नी सरिता देवी, तीन बेटियां व एक बेटा है। बेटे अंशू ने बताया कि रविवार को पिता ड्यूटी गए थे। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे पिता साइकिल से पान मसाला खरीदने गए थे। जहां से लौटते वक्त रास्ते में एल्गिन मिल के पास वह सड़क पार कर रहे थे। तभी कंपनी बाग चौराहा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में पिता और बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पिता की हैलट अस्पताल में मौत हो गई। ग्वालटोली थाना प्रभारी ने बताया रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

विकास | आधुनिक स्टेडियम बनाने के लिए संशोधित डीपीआर प्रस्तुत करेगी चार सदस्यीय कमेटी

# ग्रीनपार्क के कायाकल्प के लिए कमेटी गठित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**350** करोड़ रुपये से दिया जाना है स्टेडियम को नया स्वरूप | **45** करोड़ रुपये प्रथम चरण के काम के लिए शासन कर चुका है मंजूर



ग्रीनपार्क स्टेडियम के कायाकल्प की तैयारी की जा रही है। अमृत विचार

- **पूरे स्टेडियम में समान डिजाइन और आधुनिक स्वरूप होगा**

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का स्वरूप प्रदान करने की विकास परियोजना पर प्रदेश सरकार के खेल विभाग के निर्देश पर मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन ने टीर सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। इस कमेटी में विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, एचबीटीयू के नामित प्रतिनिधि तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को शामिल किया गया है। यह कमेटी विकास परियोजना का पुनर्मूल्यांकन करने के साथ उन भौतिक संरचनाओं, जिनका भविष्य में कोई इस्तेमाल नहीं होना है, का मूल्यांकन करके संशोधित डीपीआर तैयार करेगी।

ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम को 350 करोड़ रुपये से नया स्वरूप देकर पुराना गौरव बहाल किया जाना है। इसके लिए विस्तृत कार्य योजना (डीपीआर) बनाई गई थी। पूरे स्टेडियम को समान डिजाइन और आधुनिक स्वरूप में विकसित करने के लिए प्रथम चरण में शासन 45 करोड़ रुपये की धनराशि पहले ही मंजूर कर चुका है। ग्रीनपार्क के नए अवतार का जो खाका खींचा गया है, उसमें स्टेडियम पिलर लेस और आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे दर्शकों को किसी भी सीट से बिना बाधा के मैच देखने का रियल मजा मिलेगा।

कुल तीन चरणों में स्टेडियम की दर्शक क्षमता बढ़ाकर 35 हजार से ज्यादा की जानी है। पहले चरण में मीडिया सेंटर, प्लेयर पवेलियन, दर्शक दीर्घाओं और फ्लड लाइटों के पुनर्निर्माण के साथ स्मार्ट ड्रेनेज सिस्टम के लिए भी काम कराया जाना है। अब किस पैवेलियन को तोड़ा जाना है या किन स्थानों का उपयोग नए सिरे से किया जाना है, इसके लिए संशोधित डीपीआर की स्वीकृति देकर कार्य शुरू किया जाना है।


नारायना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
गंगागंज पनकी, कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
फ्री हेल्थ चेकअप कैंप
दिनांक: 01 मई से 31 मई 2026 तक
स्थान: नारायना हॉस्पिटल परिसर समय: OPD प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक
ऑपरेशन निःशुल्क | सिर्फ दवा और जांचों का शुल्क देय होगा अन्य कोई शुल्क नहीं
प्रशिक्षित टीम | अत्याधुनिक उपकरण एवं सुविधाएं | तुरंत जांच एवं इलाज | रोगी की सुरक्षा और देखभाल सर्वोपरि
जनरल सर्जरी विभाग
आधुनिक तकनीक से सुरक्षित एवं सफल सर्जरी की सुविधा
नारायना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के जनरल सर्जरी विभाग में अनुभवी एवं कुशल सर्जनों की टीम द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी उन्नत तकनीकों के साथ की जाती है।

24 HOUR SERVICE आपात स्थिति में तुरंत संपर्क करें आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।
उपलब्ध सुविधाएं:
- पेट, आंत, अपेंडिक्स, हर्निया, पित्ताशय आदि रोगों की सर्जरी
- लैप्रोस्कोपिक (दूरबीन) एवं ओपन सर्जरी दोनों की सुविधा
- कम दर्द, कम समय में स्वस्थ होने का लाभ
- आधुनिक उपकरण एवं प्रशिक्षित स्टाफ
हम जिन सर्जरी का सफलतापूर्वक उपचार करते हैं
- पेट एवं आंत की सर्जरी
- पित्ताशय (गॉल ब्लैडर) की सर्जरी
- अपेंडिक्स की सर्जरी
- हर्निया की सर्जरी
एवं अन्य सभी प्रकार की जनरल सर्जरी
समय पर जांच और उचित उपचार से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।
किसी भी प्रकार की सर्जिकल समस्या होने पर हमारे विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लें।
सम्पर्क करें: 7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com | Email: nhrc@narainagroup.net

## सिटी ब्रीफ

### मुकदमे और कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**कानपुर**। नौबस्ता थानाक्षेत्र में अवसाद और कर्ज से परेशान चल रहे युवक ने देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का पत्नी से तलाक को लेकर मुकदमा भी चल रहा था जिसकी वजह से वह परेशान चल रहा था। मूलरूप से फतेहपुर जनपद के जाफरगंज कमासी निवासी 33 वर्षीय जितेंद्र पांडेय नौबस्ता के आवास विकास हंसपुरम में रहते थे। परिवार में पत्नी एकता और छोटा रवि है। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र ओला बाइक चलाता था। पांच माह पूर्व जितेंद्र ने बहन एकता की कर्ज लेकर शादी की थी। जिसकी वजह से वह परेशान चल रहा था वहीं दो साल से जितेंद्र का पत्नी से तलाक को लेकर मुकदमा चल रहा था। इससे परेशान जितेंद्र ने देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह भाई रवि ने देखा तो स्वजन और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फोरेंसिंक टीम ने पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### कार चालक का शव सड़क किनारे मिला

**कानपुर**। महाराजपुर में मामा की तेरहवीं पर मुम्बई से आए कार चालक का शव संदिग्ध हालात में सड़क किनारे मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस हार्ट अटैक के कारण मौत होने की आशंका जता रही है। महाराजपुर के जाना गांव निवासी 49 वर्षीय यशवन्त यादव कार चालक थे। उनके परिवार में पत्नी सीमा और सात वर्षीय बेटा डुग्गू है। परिजनों ने बताया कि बीते कई सालों से वह मुम्बई में रहकर कार चलाते थे। वह अपने मामा की तेरहवीं में शामिल होने सात मई को कानपुर आए थे। तबसे यहीं पर रुके थे। रविवार शाम को वह बुलेट लेकर घर से निकले थे। देर रात गांव में सड़क किनारे खेत में उनका शव मिला। इससे परिजनो में कोहराम मच गया। महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत कारण स्पष्ट होगा।

### पड़ोसी ने नहाते समय छात्रा का बनाया वीडियो, धमकाया

**चकेरी**। एक छात्रा ने आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी युवक ने नहाते समय उनका वीडियो बना लिया। पीड़िता ने आरोपित के परिजनों से शिकायत की तो उल्टा वे सभी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया। चकेरी निवासी पीड़िता के अनुसार बीती एक मई की सुबह वह बाथरूम में नहा रही थीं। तभी पड़ोसी युवक रितिक ने उनका नहाते समय अश्लील वीडियो बना लिया। पीड़िता ने कृष्णा नगर चौकी जाकर से शिकायत की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने आरोपित के परिजनों से शिकायत तो आरोपित रितिक की मां नीलम और पिता संतोष ने उल्टा पीड़िता पर दबाव बनाया कि वह पुलिस से शिकायत वापस ले ले। इसके लिए धमकाया भी गया। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# 1.41 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हो गए पोस्टपेड

## सभी नए विद्युत संयोजन स्मार्ट मीटर के माध्यम से जारी होंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। केस्को का दावा है कि 97 फीसदी प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को ऑटोमेटिक पोस्टपेड में बदल दिया गया था। इस प्रक्रिया के संबंध में मैसेज भी उपभोक्ताओं के रजिस्टर नंबर पर भेजे गए हैं। इसके बाद बचे हुए 10 फीसदी प्रीपेड भी पोस्टपेड में तब्दील हो गए हैं।

उप्र पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी निर्देश के तहत केस्को के अंतर्गत आरडीएसएस योजना में लगे सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मोड में परिवर्तित किया जा रहा है। सोमवार को केस्को प्रबंध निदेशक नेहा जैन ने बताया कि शहर में एक लाख 63 हजार स्मार्ट मीटर लगे हैं, जिनमे से एक लाख 41 हजार स्मार्ट मीटर प्रीपेड थे, इसमे से अधिकांश मीटरों को पोस्टपेड मोड में परिवर्तित कर दिया गया है, जो बचे हैं, उनको भी जल्द बदला जाएगा। मई माह का बिजली का बिल जून में पोस्टपेड प्रणाली के अंतर्गत ही जारी किया जाएगा। स्मार्ट पोस्टपेड बिल उपभोक्ताओं को एसएमएस व व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक माह की 10 तारीख तक बिल सृजित किया जाएगा। यदि



स्मार्ट मीटर के संबंध में जानकारी देतीं केस्को प्रबंध निदेशक नेहा जैन।

किसी कारण ऑटोमैटिक रीडिंग प्राप्त नहीं होती है तो पांच तारीख के बाद संबंधित मीटरों की मैनुअल रीडिंग लेकर 10 तारीख तक बिल उपलब्ध कराया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर आरएमएस में पंजीकृत नहीं हैं या गलत अंकित हैं, उन्हें एसएमएस व व्हाट्सएप के माध्यम से बिल प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। ऐसे उपभोक्ता अपना संयोजन संख्या उपलब्ध कराकर व्हाट्सएप चैटबोट के माध्यम से बिल प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ताओं के लिए 8287835233 व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया गया है। इसके अलावा उपभोक्ता अपने बिल व शिकायत संबंधी जानकारी आईवीआरएस व हेल्पलाइन नंबर 1912 और टोल फ्री नंबर 1800-410-1912 पर भी प्राप्त कर सकते हैं।

### 10 किस्तों में जमा कर सकते हैं बकाया बिजली बिल

- पोस्टपेड उपभोक्ताओं को बिल निर्गमन की तिथि से 15 दिन का बकाये तिथि और उसके बाद सात दिन का डिस्कनेक्शन की तिथि भी प्रदान की जाएगी, यह जानकारी बिल में भी अंकित होगी। घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए 30 अप्रैल 2026 तक के बकाये (विलंब अधिभार सहित) को 10 किस्तों में जमा करने की सुविधा दी जाएगी। वहीं, अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को 30 अप्रैल 2026 तक के बकाये के भुगतान के लिए तीन किस्त 40 फीसदी व 30-30 फीसदी की सुविधा मिलेगी।

### कनेक्शन पोस्टपेड मोड पर

- प्रबंध निदेशक नेहा जैन ने बताया कि अब सभी नए बिजली कनेक्शन स्मार्ट मीटर के माध्यम से पोस्टपेड मोड में जारी किए जाएंगे। स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष हेल्पडेस्क व शिकायत व्यवस्था स्थापित की गई है।

# ब्लाक देकर ट्रेनें रोक दीं पर काम शुरू नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग तोड़ने में पसीने छूट रहे अफसरों के
- 10 मई से 26 जून तक प्लेटफार्म 6 व 7 तक ट्रेनें नहीं आएंगी

**अमृत विचार**। कानपुर सेंट्रल स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्लेटफार्म नंबर 6 व 7 पर पुरानी बिल्डिंग को तोड़ा जाना है लेकिन उस पुरानी बिल्डिंग को न तो रेल अधिकारी तोड़ने की हिम्मत जुटा पा रहे और न ही ठेकेदार। थोड़ा सा तोड़ने पर समझ में आ गया कि बिल्डिंग गिर सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है जबकि इस कार्य के लिए 10 मई से 23 जून तक दोनों प्लेटफार्म पर ब्लाक देकर ट्रेनों को आवागमन भी रोक दिया गया है और ट्रेनें निरस्त हैं। कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 और 7 पर कई दशक पुरानी टीटीई बिल्डिंग को हटाने (डिसमेंटलिंग) के लिए पावर और 10 मई से 23 जून तक ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया है और इसके लिए गाड़ी संख्या 64172 एवं गाड़ी संख्या 64173 को ब्रम्हावर्त-कानपुर को ब्लाक के दौरान 60 मिनट देरी से संचालित करने की घोषणा हो चुकी है लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 व 7 पर कार्य शुरू नहीं हो सका है।

रेलवे अधिकारी ये चाहते हैं कि प्लेटफार्म 6 व 7 को पूरी तरह एक महीने के लिए बंद कर दिया जाए ताकि कोई यात्री भी इन दोनों प्लेटफार्म पर नहीं आ सकें लेकिन अभी ये नहीं हो सका है, इसलिये कार्य भी शुरू नहीं हो पाया जबकि ब्लाक लिये दो दिन बीत चुके हैं। बिल्डिंग को तोड़ने का काम गुड़गांव की कंपनी एमएसवी इंटरनेशनल को दिया गया है।



सेंट्रल स्टेशन पर बंद पड़ा काम। अमृत विचार

### सेंट्रल स्टेशन पर पावर ब्लाक की स्थिति

- सेंट्रल स्टेशन पर पावर ब्लाक 10 मई से 22 मई तक दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक।
- प्लेटफार्म नंबर 6 पर ब्लाक 23 मई से 22 जून तक प्रातः 8.30 जे से सायं 4.30 बजे तक।
- प्लेटफार्म नंबर 7 पर ब्लाक 24 मई से 23 जून तक प्रातः 8.30 बजे सायं 4.30 बजे तक।

### अपर नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन



**कानपुर**। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर का प्रतिनिधिमंडल अपर नगर आयुक्त से मिला। जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि दशकों से परेड बाजार बराबर लग रहा है। उनके पास तहबाजरी भी है और उनका केस इलाहाबाद हाईकोर्ट में पेंडिंग है। अधिकारियों को इन्हीं से संबंधित कागज दिए गए हैं। महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने मांग की कि इन लोगों की रोजी रोटी की व्यवस्था की जाए। इस दौरान सुरेश गुप्ता, सरताज अहमद, रोशन गुप्ता, मयंक यादव, सौरभ त्रिवेदी व इमरान खान मौजूद रहे। ● अमृत विचार

### दो तस्कर पकड़े, 20 किलो से अधिक गांजा बरामद

**कानपुर**। शहर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन व्हाइट पाउडर अभियान के तहत कल्याणपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया है। तस्करी में इस्तेमाल की गई मारुति सुजुकी एसएक्स-4 कार को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल यादव और आयुष प्रजापति के रूप में हुई है। दोनों आरोपी उड़ीसा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से गांजा लाकर कानपुर व आसपास के जिलों में सप्लाई करते थे। डीसीपी पश्चिम कासिम आबिदी ने बताया कि दोनों आरोपियों पर हत्या, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# साइबर सेल की सक्रियता से लौटे ठगी के 13 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। कमिश्नरेट पुलिस की साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के शिकार लोगों के करीब 13 लाख रुपये वापस कराकर बड़ी राहत पहुंचाई है। साइबर सेल को मिली शिकायतों को संज्ञान लेते हुए संबंधित बैंकों और तकनीकी टीमों के साथ समन्वय स्थापित किया। इसके बाद फ्रॉड से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज कराकर पीड़ितों की रकम वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ितों के चेहरों पर खुशी लौट आई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समय पर शिकायत दर्ज कराने से साइबर ठगी के मामलों में रकम वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। प्रमुख मामलों में पनकी निवासी अंगद कुमार से इनवेस्टमेंट के नाम पर 1.53 लाख रुपये, शिवराजपुर निवासी रुपेश कुमार से 1.50 लाख रुपये तथा कल्याणपुर निवासी कुमारी नीलम से 7 लाख रुपये की साइबर ठगी की गई थी। पीड़ितों ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि वापस कराई। इसके अलावा रावतपुर निवासी अपूर्व सिंह, कल्याणपुर निवासी पंकज कुमार यादव, प्रगति वर्मा, कार्तिकेय शुक्ला और चौबेपुर निवासी शौर्य प्रताप सिंह समेत कई अन्य लोगों की ऑनलाइन ठगी गई रकम भी वापस कराई गई। वहीं पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या निवेश के झांसे में न आएं और साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# 54 लाख रुपये की ठगी में बर्रा के तीन युवक उठाए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मध्य प्रदेश के देवास जिले की पुलिस टीम ने रात में दी दबिश
- खातों में ट्रांसफर रकम और एटीएम निकासी के सुराग की जांच

**अमृत विचार**। मध्य प्रदेश के देवास जिले में महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 54 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में देवास कोतवाली पुलिस ने बर्रा विश्वबैंक के-ब्लॉक कॉलोनी में दबिश देकर तीन युवकों को उठाया। पूछताछ के बाद सोमवार सुबह टीम उन्हें अपने साथ देवास लेकर चली गई।

बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि देवास कोतवाली में महिला ने साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि साइबर ठगों ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर महिला को 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा और कार्रवाई का डर दिखाकर अलग-अलग खातों में 54 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जांच के दौरान देवास पुलिस को ठगी की रकम बर्रा इलाके के एक एटीएम से निकाले जाने की जानकारी मिली थी। इसी आधार पर दरोगा दीपक मालवीय अपनी टीम के साथ शहर आए। पुलिस ने के-ब्लाक विश्वबैंक कॉलोनी निवासी आयुष गुप्ता, अखंड प्रताप सिंह और वैभव शुक्ला को हिरासत में लिया। थाने में पूछताछ के बाद सोमवार सुबह टीम तीनों को अपने साथ ले गई। पुलिस के मुताबिक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। जबकि दो अन्य से पूछताछ की जा रही है। जांच में सामने आया है कि एक युवक के खाते में ठगी की रकम आई थी। जबकि दूसरे ने रकम निकाली थी। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने निकले डीसीपी ट्रैफिक। अमृत विचार

# अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अभियान चलाने के लिए डीसीपी ट्रैफिक ने दिए निर्देश

**अमृत विचार**। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन (आरटीसी) योजना के अंतर्गत शहर के प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया। इस दौरान घंटाघर चौराहा, परेड चौराहा, बड़ा चौराहा और फूलबाग चौराहा पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया।

डीसीपी ट्रैफिक ने सड़कों पर बढ़ते वाहन दबाव, अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा और ऑटो संचालन की स्थिति, सड़क किनारे अतिक्रमण व प्रमुख चौराहों पर यातायात संचालन व्यवस्था देखी। डीसीपी ट्रैफिक ने अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी प्रमुख चौराहों और तिराहों से कम से कम 100 मीटर की दूरी तक ई-रिक्शा और ऑटो खड़े न हों ताकि जाम को कम किया जा सके।

### 84 शराबी चालकों पर चला पुलिस का हंटर

- **कानपुर**। आगरा एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस और ट्रक के मध्य हुए भीषण टक्कर के बाद यातायात पुलिस ने क्षेत्रीय पुलिस से सहयोग से नशेबाज चालकों की चेकिंग की। 250 से अधिक चालकों को ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से चेक किया जिसमें 84 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार के निर्देशन में कानपुर यातायात पुलिस और सिविल पुलिस द्वारा सजेती टोल प्लाजा व शिवराजपुर टोल प्लाजा पर ड्रिंक एवं ड्राइव के विरुद्ध अभियान चलाया गया। डीसीपी ट्रैफिक की टीम द्वारा सुरक्षित ड्राइविंग के लिए चालकों को गुर सिखाये और बताया कि यदि कोई एंबुलेंस का हूटर सुनाई दे तो तुरंत उसे रास्ता दें।
- ट्रैफिक कण्ट्रोल रूम : 9305104340 ■ हेल्पलाइन नंबर : 9305104387

# फर्जी दस्तावेज से पासपोर्ट बनवाने वाला गिरफ्तार

**कानपुर**। कर्नलगंज पुलिस ने फर्जी दस्तावेज की मदद से दो अलग-अलग नामों से पासपोर्ट बनवाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी विनीत चौधरी ने बताया कि अहमद अंसारी ने 2014 में पहला पासपोर्ट बनवाया था। पासपोर्ट में उसका नाम मोहम्मद अहमद पिता का नाम मो. उमर, माता का नाम शकीला बानो, जन्मतिथि 11 नवंबर 1987, निवासी 101/4 छोटे मियां का हाता कर्नलगंज के नाम से बनाया था। जबकि दूसरा पासपोर्ट 2020 में अहमद अंसारी के नाम से बनवाया। जिसमें पिता का नाम उमर अंसारी, माता शकीला बानो, जन्मतिथि एक नवंबर 1992 निवासी 101/4 था। जो 2020 से 2030 तक वैध है। फर्जी दस्तावेज से दूसरा पासपोर्ट बनाने पर आरोपित को पकड़ा गया है। आरोपित ने बताया कि वह पांचवी पास की मार्कशीट पर विदेश में नौकरी करने गया था। जहां उसे जानकारी हुई कि 10वीं की मार्कशीट लगाकर उसे ज्यादा वेतन मिल सकता है। जिस कारण उसने दो पासपोर्ट बनवाए थे।

# युवक ने खुद को लगा ली आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के पाल चौराहे की घटना

**अमृत विचार**। हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के पाल चौराहे में शराब पीने के लिए रुपये न मिलने से नाराज ऑटो चालक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। जलता हुआ चालक सड़क किनारे नाली में गिर गया। जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस ने झुलसे चालक को उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया।

हनुमंत विहार निवासी मदन गुप्ता का बड़ा बेटा 40 वर्षीय मनीष ऑटो चलाता है। छोटे भाई विकास उर्फ बबलू ने बताया कि मनीष शराब का आदी है। पत्नी सीमा व बेटी शिवानी के साथ अलग रहता है। पहले परिवार ने उसे स्टूडियो खुलवाया था बाद में ऑटो दिलवाई जिसे उसने दूसरे को चलाने के लिए दे दिया। सोमवार दोपहर पत्नी से विवाद के बाद वह पाल चौराहा स्थित छोटे भाई के स्टूडियो पहुंचा और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। रुपये देने से मना करने पर उसने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान यूपी 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन नशे की हालत देखकर उसे चौकी जाकर शिकायत करने की सलाह देकर लौट गई। कुछ देर बाद मनीष ने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया और आग लगा ली। देखते ही देखते वह आग की लपटों में घिर गया। वह भागा तो पास में नाली में गिर गया जिससे उसकी जान बच गई। वहीं घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया है। मनीष की मां ममता ने नशेबाजी के चलते कई साल पहले उसे बेदखल कर दिया था। हनुमंत विहार थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि शराब के लिए रुपये न मिलने पर मनीष ने खुद को आग लगाई है।

**लापरवाही** हैलट के बर्न यूनिट में सीडीओ को मिली फिर कमियां, 15 दिन में दूर न होने पर होगी कार्रवाई

# निरीक्षण पर निरीक्षण, बर्न यूनिट अब भी पड़ी अधूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। हैलट अस्पताल में बर्न यूनिट का निर्माण छह साल में भी पूरा नहीं हो सका है। इसका निरीक्षण करने सोमवार को सीडीओ अभिनव जैन पहुंचे, उनके साथ शासन स्तर से नामित जांच समिति ने भी बर्न यूनिट की स्थिति देखी। जांच के दौरान उनको कई खामियां मिलीं, जिसपर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त कर 15 दिनों में बर्न यूनिट की कमियां दूर करने के सख्त निर्देश दिए। कमियां दूर नहीं होती हैं तो कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई हो सकती है।

हैलट अस्पताल में इमरजेंसी के सामने बर्न यूनिट का निर्माण कार्य वर्ष 2019 में शुरू हुआ था, जो आज तक पूरा नहीं हो सका है। इसकी मुख्य वजह कार्यदायी संस्था द्वारा गुणवत्ता पूर्वक निर्माण न करना जांच में कई बार सामने आ चुका है। मेडिकल कालेज प्राचार्य डॉ. संजय काला और तत्कालीन सीडीओ दीक्षा जैन को भी निरीक्षण में कई कमियां मिली थीं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शासन को रिपोर्ट भेजी थी। शासन स्तर से जांच कमेटी गठित की गई। सोमवार को सीडीओ अभिनव जैन बर्न यूनिट में जांच समिति के साथ पहुंचे तब भी उन्हें यहां पर खामियां ही देखने को मिलीं। टाइल्स आदि की स्थिति मानक के तहत नहीं मिली। सीडीओ ने कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों व कर्मियों से 15 दिन के अंदर कमियां दूर करने के सख्त निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के समय साथ में हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल, सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.आरके सिंह, सीएमएस डॉ.आरके वर्मा और इंजीनियर मौजूद रहे।



बर्न यूनिट का निरीक्षण करते सीडीओ अभिनव जैन, साथ में डॉ.सौरभ अग्रवाल, डॉ.आरके सिंह व डॉ. आरके वर्मा समेत अन्य।

### निलंबन की हुई थी संस्तुति

- बीते वर्ष जांच कमेटी ने सिविल और इलेक्ट्रिक इकाई के अवर अभियंताओं के निलंबन के साथ ही कानूनी कार्रवाई की संस्तुति प्रदान की थी। परियोजना प्रबंधक के खिलाफ शासकीय नियमावली नियम-7 तहत कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इस नियम के तहत होने वाली कार्रवाई में आरोपित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। लेकिन इसके बाद बर्न यूनिट के मानक अभी तक पूरे नहीं किए गए, बिजली संबंधित कार्य भी कुछ शेष हैं।

# पुलिस की वर्दी-टोपी पहन लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कलक्टरगंज में अखबार के एजेंट के एक लाख रुपये पार किए थे

**अमृत विचार**। कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में अखबार के एजेंट की जेब काटकर एक लाख रुपये पार करने वाले दो शातिरों को पुलिस व सर्विलांस टीम ने धर दबोचा। शातिर फर्जी दरोगा बनकर लिफ्ट देकर वारदात को देते थे। पुलिस की वर्दी, पी कैप का भी इस्तेमाल करते थे।

एडीसीपी पूर्वी शिवा सिंह ने र बताया कि विष्णुपुरी निवासी कुलदीप शर्मा अखबार के घंटाघर सेंटर के एजेंट हैं। वह एक मई को काम खत्म कर घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में बाइक सवार तीन युवकों ने एक को मूलगंज चौराहे पर छोड़ने की बात कही। इस पर उन्होंने युवक को बाइक पर बैठा लिया। मूलगंज चौराहे पर छोड़ने के बाद उन्होंने जब जेब चेक की तो जेब काटकर शातिर ने एक लाख रुपये पार कर दिए थे। पीड़ित की तहरीर पर कलक्टरगंज पुलिस और सर्विलांस टीम रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने करीब 200 सीसीटीवी फुटेज की मदद से सोमवार को कोपरगंज रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर के पास से बाइक सवार रोहित कंजड़ उर्फ भंगी उर्फ ऋषभ और बृजेश को गिरफ्तार कर लिया। शातिरों के पास से 30,500 रुपये और बिना नंबर की एक चोरी की बाइक बरामद की। एडीसीपी ने बताया कि आरोपी मूलरूप से कन्नौज के रहने वाले है, लेकिन वर्तमान में फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के गांव मेहरूपुर राबी में रह रहे हैं। आरोपी राहगीरों को लिफ्ट देने के बहाने अपनी बाइक में बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर लूट व टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देते थे। रोहित के खिलाफ शहर के कई थानों के अलावा हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज में करीब 23 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं बृजेश के खिलाफ मैनपुरी, लखनऊ, सीतापुर, कन्नौज समेत शहर के कई थानों में 16 मुकदमे दर्ज हैं। शातिर एक शहर में वारदात करने के बाद दूसरे शहर में जाकर वारदात का अंजाम देते थे। फरार तीसरे साथी बेलुआ की तलाश में दो टीमें लगी है। शातिर पुलिस के साथ लोगों को गुमराह करने के लिए पुलिस की वर्दी और पी कैप का इस्तेमाल करते थे।

## सिटी ब्रीफ

### आयुध निर्माणी कर्मचारियों के लिए राहत

**कानपुर।** भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ एवं गवर्नमेंट एम्प्लॉइज नेशनल कन्फेडरेशन के महासचिव मुकेश सिंह ने नेशनल काउंसिल की बैठक में आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों के लिए प्रसार भारती मॉडल लागू करने की मांग उठाई। भारत सरकार के कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा को लेकर आश्वासन दिया गया। बैठक में कैबिनेट सचिव ने कहा कि पूर्ववर्ती आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों के लिए डीम्ड डेपुटेशन की व्यवस्था उनकी सेवानिवृत्ति तक बढ़ाई जाएगी। गौरतलब है कि अक्टूबर 2021 में आयुध निर्माणियों के निगमकीकरण के बाद से कर्मचारियों की सेवा शर्तों, वेतन, भत्तों, पेंशन और नौकरी सुरक्षा को लेकर संघर्षरत रहा है। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के सचिव मुकेश सिंह ने कहा कि यह निर्णय आयुध निर्माणी कर्मचारियों की बड़ी जीत है।

### चार बिजली चोर पकड़े

**कानपुर।** केस्को की विजिलेंस टीम ने सोमवार को चार परिसरो में चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि टीम ने सूटरगंज में शमीम व शौकत, मीरपुर कैंट में सदफ उर्फ हिना व सीता राम मोहाल में जुगल किशोर गुप्ता को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और उनपर बिजली चोरी की एफआईआर भी दर्ज कराई।

### यहां नहीं आएगी बिजली

**कानपुर।** शहर के नवाबगंज, एचबीटीआई, आजाद नगर में बिजली मंगलवार को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक, आचार्य नगर, वरुण विहार, कच्ची बस्ती, वैष्णवी विहार और हॉर्समैन बाग के ओ-ब्लाक में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक नहीं रहेगी। इसके अलावा लवकुशपुरम, शिवली रोड व आसपास क्षेत्र में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक, विद्युत कॉलोनी के राम जानकी व पानी की टंकी क्षेत्र में बिजली सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक गुल रहेगी।

### विजय बहादुर पाठक ने जताई शोक संवेदना

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के बड़े भाई स्वर्गीय रामपाल के निधन पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि स्वर्गीय रामपाल जी का जीवन सादगी, सामाजिक समर्पण और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक था।

# सराफा बाजार में अफरा-तफरी का माहौल, व्यापारियों में आक्रोश

## कारोबारी बोले, सोना न खरीदने से 25 फीसदी रह जाएगा व्यापार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देशवासियों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील के बाद शहर के सराफा बाजार में सोमवार को अफरा-तफरी का माहौल रहा। व्यापारियों ने इस पर आक्रोश जताया। बैठकों में बाजारों में खरीदारी न होने के संकट से उबरने के उपाय पर चर्चा होती रही। व्यापारियों ने कहा कि वे लोग पहले से ही सोने व चांदी के रेट बढ़ने से परेशान हैं, ऐसे में एक साल तक खरीदारी न होने पर उनका कारोबार 25 फीसदी ही रह जाएगा।

चौक सराफा में कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन की बैठक हुई। सराफा कारोबारियों ने इस समय को कारोबारियों के लिए आपातकाल बताया। कहा कि खरीदारों को रोकने से सराफा कारोबारियों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने कहा कि यदि देश में खर्चों पर कटौती करनी है तो सबसे पहले सरकारी पदों और मंत्रियों को अपने वाहनों, यात्राओ व अन्य खाचों पर कटौती करनी चाहिए। व्यापार से नहीं। यह भी कहा कि वे लोग पहले से ही घाटा सह रहे हैं। सोने व चांदी के दाम बढ़ने से कारोबार आधा हो गया है। अब स्थिति यह बन रही है कि कारोबार सिर्फ 25 फीसदी ही रह जाएगा। इस स्थिति में उन लोगों को दुकानों को ही बंद करना अंतिम चारा रह जाएगा। तय हुआ कि इस बाबत जल्द ही प्रधानमंत्री को डीएम के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में विकास वर्मा, जलज द्विवेदी, विमल बाजपेई, जयदीप गुप्ता, सतनाम वर्मा, आशीष सिंह, नीतू साहू, विकास वर्मा, राजेश शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

### पीएम से विचार की अपील

- अखिल भारतीय स्वर्णकार विकास परिषद की ओर से सोने से चांदी के बाजार को बचाने के लिए प्रधानमंत्री से अपील की गई है। अध्यक्ष पुष्पेंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक में सर्राफा कारोबारियों ने सोने से जुड़े प्रतिबंधों और व्यापारिक गतिविधियों पर असर डालने वाले प्रस्तावों का कड़ा विरोध जताया। बैठक में प्रधानमंत्री से सर्राफा व्यवसायियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णयों पर पुनर्विचार करने की मांग की गई। बैठक में शीलू वर्मा, पंकज वर्मा, वेद गुप्ता, मनोज वर्मा, दुर्गेश सोनी, सर्वेश वर्मा, संजीव, अजय वर्मा, अमित मिश्रा, राजन वर्मा, कमल वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



### पीएम की अपील पर कांग्रेस ने जताया विरोध

- **कानपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से एक वर्ष तक सोना न खरीदने, पेट्रोल-डीजल और खाद्य तेल का कम इस्तेमाल करने तथा विदेश यात्रा सीमित रखने की अपील का कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी ने विरोध जताया। तिलक हाल में सराफा व्यापारियों के साथ आयोजित बैठक में कांग्रेस नेताओं और व्यापारियों ने इसे व्यापार विरोधी कदम बताया। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि ऐसी अपीलों से सराफा कारोबार, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय और आयात-निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से महंगाई कम करने, रोजगार बढ़ाने और बाजार में क्रय शक्ति मजबूत करने की मांग की। बैठक में सराफा कारोबारी धर्मेंद्र वर्मा, संजय त्रिवेदी, महेंद्र सिंह, रामचरण यादव और कांग्रेस नेता हरप्रकाश अग्निहोत्री, निजामुद्दीन खान, शंकर दत्त मिश्र, इकबाल अहमद, फजल खान, नीरज द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री को पत्र लिखा

- **कानपुर।** सराफा कारोबारियों का कहना है कि अगर एक साल तक गहनों की खरीद रुक गई तो हजारों कारीगर तो बेरोजगार होंगे ही, साथ ही आभूषण की कई दुकानें और शोरूम भी बंद होने की नौबत आ जाएगी। सरकार के राजस्व के साथ आम कारोबारी भी प्रभावित हो जाएगा। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्र और अध्यक्ष महेशचंद जैन का कहना है कि सोने के गहने भारतीय संस्कृति परम्परा, धर्म और आस्था के प्रतीक हैं। अगर किसी का प्रतिष्ठान एक साल के लिए बंद हो गया तो इसे दोबारा शुरू करना बहुत कठिन है। सवाल यह भी है कि एक साल वह क्या करेगा और उसकी गृहस्थी कैसे चलेगी। इस बाबत सराफा एसोसिएशन ने बैठक कर प्रधानमंत्री को पत्र लिख चिंता से अवगत कराया है। निवेदन किया है कि अपील वापस लें।

### जिले में पांच हजार दुकानें सराफा की

- कानपुर जिले में सोने-चांदी के गहनों की पांच हजार से अधिक दुकानें/शोरूम हैं। इनमें सवा लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। कई हजार करोड़ का सालाना कारोबार है। यहां से गहने निर्यात भी किए जाते हैं।



अवैध निर्माण पर चलता केडीए का बुलडोजर। अमृत विचार

# अकबरपुर व कटरी में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

- बिना स्वीकृत मानचित्र के की जा रही थी अवैध प्लाटिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए उपाध्यक्ष अंकुर कौशिक व सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सोमवार को प्रवर्तन जोन-1बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह टीम के साथ बैरी अकबरपुर बांगर पहुंचे। यहां पर केडीए टीम को हरि मोहन गुप्ता व अन्य द्वारा आराजी संख्या-930 पर लगभग तीन बीघा क्षेत्रफल में की गई अवैध रूप से निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। इसके अलावा कटरी में रामबाबू व श्री मोनू यादव व अन्य द्वारा आराजी संख्या-1397, 1398, 1399, 1390, 1388 व अन्य में लगभग 5.5 बीघा में अवैध रूप से प्लाटिंग की गई थी, जिसपर बुलडोजर के माध्यम से अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। दोनों ही जगहों पर बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये और बिना अनुज्ञा के किये प्लाटिंग की जा रही थी। बताया कि इसके अलावा टीम के साथ लगभग 9.5 बीघे में अवैध व अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही प्लाटिंग को भी चिन्हित किया गया है, जिसपर 15 मई को ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अवर अभियंता हिमांशु बर्नवाल, सुपरवाइजर राम औतार, मनोज कुमार, राजकुमार, लाल सिंह व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# अब किसानों को अगले माह मिल सकेगी खाद

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उर्वरक बिक्री पर लापरवाही बरतने वाले विक्रेताओं का खामियाजा अब किसानों को उठाना पड़ेगा। साथ ही उन किसानों को अब अगले माह ही खाद मिल पाएगी जिन्होंने जरूरत से ज्यादा खाद खरीदी।

सबसे ज्यादा पतारा, शिवराजपुर व भीतरगांव के किसान हैं। सोमवार तक ज्यादा बिक्री करने वाले विक्रेताओं से ब्योरा तलब किया गया था। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सभी विक्रेताओं ने अपने जवाब प्रस्तुत कर दिये हैं।

इनमें पतारा के मेसर्स गुप्ता खाद भंडार ने जवाब नहीं दिए हैं। अधिकारी बताते हैं कि इस फर्म का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

जिले में निर्देशों की धज्जियां उड़ाने वाले पांच केंद्रों पर को नोटिस जारी कर खरीद करने वाले किसानों की जानकारी मांगी गई थी। इन किसानों ने निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक खाद ली है। कृषि विभाग ने 30 अप्रैल को आदेश जारी कर अधिकतम 10 बैग यूरिया और 8 बैग डीएपी बेचने के बारे में बताया था।

भीतरगांव पासी खेड़ा के एम-पैक्स, मडिलवा पाल्हेपुर एम-पैक्स व सिंहपुर कछार एम-पैक्स, शिवराजपुर भैसऊ एम-पैक्स से जिन किसानों ने ज्यादा यूरिया खरीदी उन्हें अब जून में ही खाद मिल पाएगी।

# निजीकरण के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सफाई व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में सोमवार को कर्मियों ने हाथ में काला फीता बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया और कहां कि किसी भी हाल में निजीकरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निजीकरण की वजह से हजारों कर्मियों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा सकता है।

नगर निगम मुख्यालय व जोनल कार्यालयों में नगर निगम कर्मियों ने सोमवार को हाथ में काली पट्टी बांधकर निजीकरण का शांतिपूर्वक विरोध किया। यह विरोध कर्मियों द्वारा 13 मई तक चलेगा। इसके बाद 14 मई को नगर निगम मुख्यालय मोतीझील में आमसभा आयोजित की जाएगी। सभा के बाद काम बंद करने का एलान किया जाएगा। कर्मचारी नेता जयपाल, रमाकांत मिश्रा, हरिओम बाल्मीकि, विनोद रावत, मो.कमरुद्दीन व धीरज ने कहा कि निजीकरण का विरोध जारी रहेगा। इसके अलावा आउटसोर्सिंग में तैनात कर्मी वेतन न मिलने से परेशान हैं, जिसके संबंध में उन लोगों ने मुख्य लेखाधिकारी से भी मुलाकात की। इस दौरान अजीत बाघमार, सुधाकर मिश्रा, उस्मान अली, मुन्ना हजारिया, मुकेश आदि रहे।



हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते नगर निगम कर्मी। अमृत विचार

# भारत केवल विकसित नहीं बल्कि आदर्श राष्ट्र बनेगा

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कानपुर प्रांत की प्रमुख जन गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कानपुर प्रांत द्वारा प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सेनानायक तात्या टोपे सीनेट हॉल में किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि भारत केवल विकसित राष्ट्र नहीं, बल्कि आदर्श राष्ट्र बनेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि भारत आज विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है। हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा ऊर्जा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा कि भारत केवल एक राष्ट्र के रूप में नहीं, बल्कि विश्व के लिए एक सांस्कृतिक दिशा के रूप में पुनः स्थापित हो रहा है। यह कालखंड केवल आर्थिक विकास का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनर्जागरण का कालखंड है। भारत की आत्मा को समझे बिना भारत के भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वांत रंजन ने पंच परिवर्तन के पांच विषयों के अंतर्गत सामाजिक समरसता में भेदभाव व अस्पृश्यता के स्थान पर बंधुत्व की भावना से कार्य करने पर बल दिया, कुटुंब प्रबोधन विषय में परिवार को संस्कार का प्रथम केंद्र बनाने पर बल दिया।

# सीएम डैशबोर्ड में शहर को मिली 17वीं रैंक

- वित्तीय वर्ष 2026-27 में 84 योजनाओं की प्रगति और समीक्षा के बाद जारी हुई पहली सूची

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में कानपुर को वाराणसी के साथ प्रदेश में 17वीं रैंक मिली है। यह मासिक रैंकिंग जिलों में चलने वाली योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति के आधार पर दी जाती है। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए यह पहली रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें छोटे जिलों का दबदबा सामने आया है।

सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग विभिन्न विकास योजनाओं और फ्लैगशिप कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, प्रगति और प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाती है। कानपुर जिला को खराब ट्रांसफार्मर, मत्स्य उत्पादन योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, बागवानी मिशन, सिल्ट सफाई योजना, 102 व 108 एम्बुलेंस सेवा, सीटी स्कैन सेवा, जननी सुरक्षा योजना का लाभ, मोबाइल मेडिकल यूनिट, सड़क अनुरक्षण व निर्माण योजना, पीएम व सीएम आवास योजना, भवन निर्माण योजना, छात्रवृत्ति तथा पेंशन जैसी 84 योजनाओं में हुए कामों की समीक्षा पर 17वीं रैंकिंग मिली है।

### टॉप-5 जिले

- 1. औरैया
- हमीरपुर
- पीलीभीत
- बरेली
- हाथरस

### अंतिम 5 जिले

- सहारनपुर
- गौतम बुद्ध नगर
- कन्नौज
- बलरामपुर
- बहराइच

### निजी वाहन चला रहा उर्सला का चालक

**कानपुर।** परेड स्थित उर्सला अस्पताल से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार को वायरल हुआ, जिसमे अस्पताल में संविदा पर कार्यरत ड्राइवर निजी वाहन से शव को ढोता दिख रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामले में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.शैलेंद्र तिवारी का कहना है कि ड्राइवर लंबे समय से ऐसा कर रहा है। उसकी पहले भी कई बार शिकायत आ चुकी है। कमेटी बनाकर जांच कराई जाएगी।

# संस्कृति-चरित्र से ही भारत बनेगा विश्वगुरु

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कानपुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पीपीएन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनूप सिंह ने भारत का वर्तमान परिदृश्य में चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर विचार रखते हुए कहा कि भ्रामक विमर्श युवाओं को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों और बुद्धिजीवियों से राष्ट्रहित में सकारात्मक एवं तथ्यपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत की प्रांत उपाध्यक्ष डॉ प्रियंका सिंह ने समरसता को पारस्परिक सम्मान का आधार बताते हुए कहा कि अधिकारों से पहले कर्तव्यों पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने तकनीक के साथ संस्कृति, ज्ञान के साथ चरित्र और प्रतिभा के साथ राष्ट्रभाव जोड़ने पर बल दिया। केआईटी के डीन डॉ आरके पांडे ने अतिथियों का धन्यवाद किया। आयोजक मयंक पासवान, सुधांशु त्रिपाठी आदि रहे।



कार्यक्रम में मौजूद वक्ता।

## खेल जगत

केडीएमए लीग में सीनियर और जूनियर डिवीजन के मुकाबले खेले गए

# वंडर वूमेंस और एंजल एकादश ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केसीए की केडीएमए लीग में सोमवार को सीनियर व जूनियर डिवीजन के मुकाबले खेले गए। सीनियर डिवीजन में रोवर्स एकादश ने 116 रन के अंतर से डायमंड एकादश को पराजित किया। वहीं, जूनियर डिवीजन में वंडर वूमेंस और एंजल एकादश की जीत में महिला खिलाड़ियों का योगदान रहा। पुरुष टीम से खेल रहे प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को बेटियों के शानदार खेल से हार मिली। जेम्स मैदान में पहले खेलते हुए वंडर वूमेंस ने 35 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में फ्रेंड्स स्पोर्टिंग क्लब 84 रन ही बना सका। मैच में चार विकेट लेकर निशिता मैन आफ द मैच बनीं। पीएसी मैदान में खेले गए दूसरे मुकाबले में यशराज एकादश ने 31.4 ओवर में 10 विकेट पर 133 रन बनाए। जवाब में एंजल एकादश ने 135 रन बनाकर छह विकेट की जीत दर्ज की। एंजल एकादश की ओर से तीन विकेट लेने वाली नंदिनी को मैन आफ द मैच चुना गया। जूनियर लीग के अन्य मुकाबलों में केएन टाइंटस ने वाक ओवर और इलेवन स्टार ने किंग्स एकादश को छह विकेट से पराजित किया। राम लखन भट्ट मैदान में ग्लोरी एकादश ने वैदिक यूनियन क्लब को नौ विकेट से पराजित किया।



मैच में विजयी टीम। अमृत विचार

### अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता मंगलवार से

- **कानपुर।** केसीए द्वारा मोतीराम (एडवोकेट) स्मारक अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज मंगलवार को कानपुर साउथ मैदान में होगा। केसीए सचिव कौशल कुमार सिंह ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में शामिल आठ टीमों को दो पूल में बांटा गया है, जिनके नाम केसीए के पूर्व दिवंगत पदाधिकारियों के नाम पर रखे गये हैं। जिसमें पूल ए में दिनेश मिश्रा एकादश, प्रकाश मिश्रा एकादश, सूरेंद्र तिवारी एकादश और अरुण अवस्थी एकादश रहेंगी जबकि पूल बी में नरेंद्र पाण्डे एकादश, भोला एकादश, शरद कपूर एकादश एवं एमएल भट्नागर शामिल हैं। उद्घाटन मैच दिनेश मिश्रा एकादश और प्रकाश मिश्रा एकादश के मध्य सुबह सात बजे से खेला जायेगा।



आर्थिक मदद देते संजय कपूर। अमृत विचार

### दिवंगत अंपायर के परिजनों को दी आर्थिक मदद

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने सोमवार को दिवंगत वरिष्ठ अंपायर मानिक गुप्ता के आकस्मिक निधन के बाद उनके परिजनों को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। गौरतलब है कि मानिक गुप्ता का निधन केसीए के सप्रू मैदान में मैच के दौरान मधुमक्खियों के काटने से हो गया था। सोमवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में केसीए चेयरमैन डा संजय कपूर ने स्व. मानिक गुप्ता की पत्नी कुसुमलता गुप्ता को एक लाख का चेक प्रदान किया।

### रोलैण्ड क्लब फाइनल में

- **कानपुर।** द्वितीय सैमुअल बाली एंड बक्को देवी प्रतियोगिता के सोमवार को खेले गये सेमीफाइनल में रोलैण्ड क्लब ने फ्रेंड्स क्लब को 141 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आरपीसीए मैदान में खेले गये इस मुकाबले में मनीष वर्मा के नाबाद 73, विजय वर्मा के 47 और आकाश वर्मा के 45 रनों की मदद से 35 ओवर में सात विकेट पर 261 रनों का स्कोर बनाया। फ्रेंड्स क्लब की पूरी टीम 31.4 ओवर में 123 रनों पर ढेर हो गयी।

### आरवीएस एकेडमी ने क्रिक आईटी क्रिकेट को हराया

- **कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पहली बार अंडर-13 में आयोजित की गयी प्रथम सुनील तिवारी स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के सोमवार को खेले गये मुकाबले में आरवीएस एकेडमी ने क्रिक आईटी क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से हराकर चैम्पियन का ताज अपने नाम किया। कानपुर साउथ मैदान में खेले गये मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिक आईटी एकेडमी की टीम 34.4 ओवर में 150 रन बना सकी। टीम से शिवांस कुमार सिंह ने 32 रन बनाए वहीं गेंदबाजी में देवेश कार्तिक ने पांच और विराज पाल ने दो विकेट लिए। जवाब में आरवीएस एकेडमी ने आयुष चौधरी के नाबाद 41, मेधांश मिश्रा के 23 तथा हर्षवर्द्धन पंत के 22 रनों की मदद से 34.5 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाते हुए जीत दर्ज की। देवेश कार्तिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# नजूल की जमीन पर कब्जे के लिए नापी

- जमीन पर बने निर्माणों की रजिस्ट्रियों की जांच होगी

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर में सरकारी जमीनों (नजूल भूमि) पर अवैध कब्जों और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए प्रशासन नापी (सर्वेक्षण) कराएगा। 200 करोड़ से ज्यादा के घोटालों के बाद, प्रशासन ने ऐसी जमीनों को चिह्नित कर उनकी खतौनी ऑनलाइन करने की प्रक्रिया तेज कर दी है ताकि भूमाफियाओं पर नकेल कसी जा सके। इसी के साथ नजूल की जमीन पर हुए निर्माणों की नापी कराई जाएगी। जमीन के कागजों की जांच के साथ रजिस्ट्री देखी जाएगी। सूटरगंज स्थित नजूल की जमीन पर बना कार्यालय किराए पर है। जिसका प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। 2012 में इस जमीन के बड़े हिस्से को 24 करोड़ रुपये में निजी कंपनी को बेचा गया। विक्रेताओं ने नजूल होने का तथ्य छिपाकर बैनामा कराया था। गलत तरीके से जमीन बेचने के मामले में लेखपाल ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें पट्टाधारक स्व. सीता बेरी के परिजन तरंग बेरी, अमेरिका के लास एंजिल्स निवासी नीरज बेरी, पेंसिल्वेनिया निवासी विकास बेरी, पोर्टलैंड निवासी मनका शर्मा और एसए बिल्ड हाई प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अहमद एहतेशाम को नामजद किया गया है। राजस्व विभाग अब पिछले 42 वर्षों के अवैध किराए की वसूली की तैयारी कर रहा है। एडीएम वित्त डॉ. विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि आवंटन प्रस्ताव का सत्यापन कर शासन को भेजा जाएगा। शासन ने नजूल संपत्तियों के पूरे ब्योरे के साथ हाल के वर्षों में हुई रजिस्ट्री, उपयोग और स्वामित्व से जुड़ी जानकारी मांगी है। खास तौर पर उन मामलों पर फोकस किया गया है, जिनमें सरकारी जमीनों को नियमों के विरुद्ध बेचने या कब्जाने की शिकायतें सामने आई हैं।

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 12 मई 2026



## सिटी ब्रीफ

### विजय सिंह पथिक को भारत रत्न मिले

**कानपुर।** भारतीय किसान यूनियन (एस) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद सलीस गुज्जर ने भारत सरकार से मांग की है कि क्रांतिकारी लेखक व किसान नेता एवं स्तभकार भूप सिंह गुर्जर उर्फ विजय सिंह पथिक को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये। उन्होंने बताया कि 25 मई से तीन दिवसीय सम्मेलन चित्रकूट धाम में होगा।

### जनगणना में जमीअत करेगा सहयोग

**कानपुर।** मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में सोमवार को जमीअत उलमा की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कर रहे शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने कहा कि 22 मई से शहर में जनगणना अभियान शुरू होने जा रहा है, इसके फार्म को भरवाने के लिए जमीअत सहयोग करेगा।

### विकास भवन में बदबू से परेशान लोग

**कानपुर।** जिले के कई विभागों को संभालने वाला विकास भवन में अव्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारी नाराज हैं। शौचालय की बदबू के कारण आगंतुक भी परेशान रहते हैं। सीडीओ अभिनव जैन ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।

# लेजर से तय होगी पानी की बूंदों की दिशा और रफ्तार

## आईआईटी कानपुर के शोधकर्ताओं ने किया कमाल, इशारों पर नाचेंगी तरल बूंदें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के शोधकर्ताओं ने लेजर की मदद से बूंदों की दिशा और गति को सटीक रूप से नियंत्रित करने की नई तकनीक विकसित की है। यह तकनीक भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु तथा जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ ल्यूबेक के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर तैयार की गई है। इस तकनीक में लेजर पल्स की सहायता से तरल बूंदों की गति और उनके विखंडन को सटीक रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। यह शोध प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन लेजर और पदार्थ के बीच होने वाली जटिल क्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा। इससे लक्षित दवा वितरण, इंकजेट प्रिंटिंग, लेजर आधारित निर्माण तकनीक और बायोमेडिकल जैसे क्षेत्र में नई संभावनाएं खुल सकती हैं। इस अध्ययन में यह प्रदर्शित किया गया है कि सूक्ष्म तरल बूंदों को लेजर की सहायता से विभिन्न दिशाओं जैसे आगे, पीछे अथवा चारों ओर नियंत्रित रूप से संचालित किया जा सकता है। इसके लिए शोधकर्ताओं ने बूंद की स्थिति को लेजर फोकस के अनुसार समायोजित किया तथा लेजर पल्स की ऊर्जा को नियंत्रित किया। शोध में पाया गया कि लेजर से उत्पन्न प्रारंभिक प्लाज़्मा की स्थिति बूंद के आकार में परिवर्तन, उसके विखंडन और गति को प्रभावित करती है।




### प्लेसमेंट-एनर्जी मैप्स विकसित

- शोधकर्ताओं ने हाई-स्पीड इमेजिंग, ऑप्टिकल मॉडलिंग और मल्टीफेज न्यूमेरिकल सिमुलेशन की सहायता से 'प्लेसमेंट-एनर्जी मैप्स' विकसित किए हैं, जो विभिन्न लेजर परिस्थितियों में बूंदों के व्यवहार का पूर्वानुमान लगाने में सक्षम हैं। यह प्रणाली उन जटिल प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में सहायक होगी जिन्हें अब तक लगातार और सटीक रूप से दोहराना कठिन माना जाता था।

### बायोमेडिकल उपकरणों व ऊर्जा प्रणालियों में मिलेंगे नए अवसर

- आईआईटी कानपुर के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. डी. चैतन्य कुमार राव ने कहा कि हम लंबे समय से इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि उच्च-शक्ति वाले लेजर जब तरल पदार्थों और सॉफ्ट मैटर के साथ संपर्क करते हैं, तो किस प्रकार की जटिल भौतिक प्रक्रियाएं उत्पन्न होती हैं। अपने पूर्ववर्ती अध्ययनों में हमने लेजर-प्रेरित एटोमाइजेशन, बबल डायनेमिक्स और इंटरफेस से जुड़ी प्रक्रियाओं का अध्ययन किया था। यह नया शोध उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लेजर द्वारा नियंत्रित बूंदों के व्यवहार को सटीक रूप से समझने और नियंत्रित करने में सहायता करेगा। इससे बायोमेडिकल उपकरणों, सूक्ष्म स्तर पर पदार्थों के परिवहन, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तथा ऊर्जा प्रणालियों में नए अवसर विकसित हो सकते हैं। लेजर-प्रेरित तरल बूंदों के विखंडन और बहुदिशात्मक गति का पूर्वानुमान एवं नियंत्रण शीर्षक वाले इस शोध पत्र के लेखक अवनीश प्रताप सिंह, डॉ. डी. चैतन्य कुमार राव, माइक राहल्वेस, अल्फ्रेड वोगेल तथा सप्तर्षि बसु हैं।

### मंडी निदेशक को दिया ज्ञापन

**कानपुर।** प्रदेश में कृषि उत्पाद के व्यापार व उद्योग में प्रस्तावित जियोटैगिंग ऐप के माध्यम से वाहन लोडिंग, अनलोडिंग की समानांतर ऑनलाइन व्यवस्था को स्थगित करने की मांग पर सोमवार को व्यापारियों ने ज्ञापन दिया। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक को संबोधित ज्ञापन को कानपुर कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव को सौंपा। इस दौरान तय हुआ कि अगले 20 दिनों के दौरान प्रदेश की सभी 220 मंडियों से मंडी निदेशक को संबोधित ज्ञापन वहां के मंडी सचिव को दिए जाएंगे। भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय वाजपेयी, जिलाध्यक्ष अनुराग जायसवाल व जिला वरिष्ठ महामंत्री गोपाल शुक्ला के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया। भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने मंडी सचिव को बताया कि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री गेट पास एवं अन्य राज्यों से कृषि उत्पाद आगमन के लिए प्री-एराइवल स्लिप जैसी ऑनलाइन व्यवस्थाएं पहले से संचालित हैं।

# चमड़े की कटाई-सिलाई सीखेंगे एचबीटीयू छात्र

- विश्वविद्यालय में लगने वाली मशीनें शहर के उद्यमी करेंगे समर्पित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एचबीटीयू में छात्र अब लेदर के उत्पादों को बेहतर डिजाइन में बनाना सीखेंगे। इसके लिए वे युनिट्स में लगने वाली मशीनों पर काम करके सीख सकेंगे। विश्वविद्यालय में लेदर युनिट्स से ही मशीनरी मंगाकर स्थापित की जाएंगी। यह मशीन शहर के उद्यमी विश्वविद्यालय को प्रदान करेंगे।

एचबीटीयू में लेदर सेक्टर से जुड़े प्रोडक्ट पर शोध व पढ़ाई के लिए तैयारी चल रही है। माना जा रहा है कि यह योजना जुलाई से शुरू हो जाएगी। इस योजना के तहत अब तक विश्वविद्यालय की टीम शहर की सात बड़ी लेदर सेक्टर की युनिट का भ्रमण शोध कार्य के लिए कर चुकी है। योजना यह है कि विश्वविद्यालय और लेदर सेक्टर की औद्योगिक इकाइयां एक साथ मिलकर लेदर व लेदर प्रोडक्ट को बेहतर करेंगे। इसके लिए पूर्व में विश्वविद्यालय की ओर से एक एमओयू भी हो चुका है। अब शोध कार्य के लिए जरूरी मशनरी भी लेदर सेक्टर की ओर से दिए जाने का तय हुआ है। माना जा रहा है कि जुलाई से पहले यह मशीनरी लेदर सेक्टर से जुडे उद्यमी विश्वविद्यालय उपलब्ध करा सकते हैं। इस मशीनरी से विश्वविद्यालय में युवा लेदर प्रोडक्ट के लिए बारीक व डिजाइनर कटिंग और प्रोडक्ट की सिलाई सीख सकेंगे। युवाओं और विशेषज्ञों की ओर से इन मशीनों पर काम करने के साथ ही उन्हें अपडेट किए जाने के लिए शोध पर भी कार्य किया जा सकेगा। लेदर विभागाध्यक्ष प्रो जीएल देवनानी ने बताया कि विश्वविद्यालय में जल्द ही मशीनों को स्थापित करा दिया जाएगा। उद्यमियों को युवाओं के लिए जरूरी सभी मशीनरी की जानकारी प्रदान की जा चुकी है।



## मदर्स डे समारोह हुआ



**कानपुर।** आईआईटी कानपुर महिला संघ द्वारा मदर्स डे समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आईआईटी कानपुर परिसर समुदाय की लगभग सौ महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला संघ की संरक्षिका रचना अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। समारोह में मनोरंजक गतिविधियां, खेल तथा माताओं को समर्पित प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। महिला संघ की सचिव अमृता के. भूषण तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया। अमृत विचार

### सपा नेता हताशा में कर रहे अमर्यादित टिप्पणी

**कानपुर।** सपा सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सपा का चरित्र संवैधानिक संस्थाओं और पदों का अपमान करने वाला रहा है। जिस प्रकार की भाषा प्रयोग की गई, वैसी भाषा केवल सपा नेता ही इस्तेमाल कर सकते हैं। पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्व में भारत का मान बढ़ा रहे हैं, लेकिन सपा नेताओं को यह स्वीकार नहीं हो रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता द्वारा लगातार नकारे जाने से सपा नेता हताशा में व्यक्तिगत और अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी अब ब्रांड सपा से बचते हुए पीडीए का सहारा ले रहे हैं।




आईटीआई में रोजगार के लिए आए युवा। अमृत विचार

# 32 युवाओं का अंतिम रूप से चयन

- राजकीय आईटीआई में सीयूजीएल भर्ती प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पांडुनगर में सोमवार को सीयूजीएल कंपनी द्वारा भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। इसमें फिटर और प्लंबर ट्रेड के अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। भर्ती अभियान में कुल 122 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 32 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षण व साक्षात्कार के माध्यम से मूल्यांकन किया। नोडल प्रधानाचार्य हरीश कुमार मिश्रा ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर संस्थान के अजय द्विवेदी, प्रमोद पाण्डेय, विभव शुक्ला, रिजवान सहित अन्य कर्मचारी प्रशिक्षक में मौजूद रहे।

### आईआईटी में हिंदी कार्यशाला

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर स्थित न्यू कोर लैब में हिंदी कार्यशाला आयोजित हुई। केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यशाला के प्रशिक्षक बंकट लाल शर्मा, सलाहकार (उप निदेशक) एवं विनोद कुमार, सहायक निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान रहे। कार्यशाला में संस्थान के विभिन्न विभागों के 51 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उप निदेशक प्रोफेसर ब्रज भूषण ने शुभारंभ किया।कार्यशाला में संस्थान के कुलसचिव विश्व रंजन, राजभाषा प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार मिश्र प्रोफेसर ब्रज भूषण, उप निदेशक आदि उपस्थित रहे।

# रोबोटिक्स और 3डी प्रिंटिंग तकनीक का प्रशिक्षण

- कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों को आधुनिक उपकरणों का प्रशिक्षण मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक के जरिये नवाचार से जोड़ने के लिए राजकीय इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज में संचालित अटल टिंकरिंग लैब में कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी उपकरणों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लैब में वर्तमान में करीब 400 छात्र-छात्राएं रोस्टर के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस लैब का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का विकास करना है। इसके लिए विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, 3डी प्रिंटर टेक्नोलॉजी और विभिन्न डिजिटल उपकरणों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान छात्र छोटे-छोटे मॉडल तैयार कर तकनीकी प्रयोग भी कर रहे हैं, जिससे उनमें नवाचार का विकास हो रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार राय ने बताया कि लैब में विद्यार्थियों को आधुनिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी देने के साथ प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा भी दी जा रही है। बच्चे सेंसर, मोटर, माइक्रोकंट्रोलर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से विभिन्न मॉडल बनाना सीखेंगे। 3डी प्रिंटर तकनीक के जरिए छात्र अपने डिजाइन तैयार कर उन्हें वास्तविक रूप देने का अनुभव भी प्राप्त कर रहे हैं। अटल टिंकरिंग लैब बच्चों के भविष्य को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इससे विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी है और वे नई-नई तकनीकों को सीखने के लिए उत्साहित हैं। कई छात्र भविष्य में इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा जता रहे हैं। लैब में नियमित रूप से प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक छात्र आधुनिक तकनीक से जुड़ सकें। यह योजना विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।




अटल टिंकरिंग लैब के लिए चयनित राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज। अमृत विचार

# गंगा की लहरों पर क्रूज संचालन की कोशिश को लगा झटका

- राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण के रूट में नहीं शामिल है शहर
- अभी हल्दिया से वाराणसी तक ही संचालित है जलमार्ग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर से गंगा नदी में क्रूज का संचालन करने में बड़ी बाधा सामने आई है। इससे शहर को इनलैंड पोर्ट सिटी के रूप में विकसित करने की तैयारियों को झटका लगा है। इसकी वजह कानपुर का राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण के रूट में शामिल नहीं होना है। भारतीय राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने शहर से क्रूज संचालन को लेकर डीपीआर तैयार करने की बात से इंकार कर दिया है।

भारतीय राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण के अनुसार वर्तमान में हल्दिया से फरक्का, साहिबगंज, भागलपुर, पटना, वाराणसी होते हुए गंगा नदी पर प्रयागराज तक ही राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू-1) का रूट है। इसमें वाराणसी तक क्रूज का संचालन किया जा रहा है, जिसे प्रयागराज तक बढ़ाने पर काम चल रहा है। आईडब्लयूएआई वाराणसी के डिप्टी डायरेक्टर संजीवा रेड्डी ने बताया कि क्रूज संचालन के लिए अभी तक किसी तरह का प्रस्ताव कहीं से भी नहीं मिला है। अगर क्रूज किसी अन्य विभाग या राज्य स्तर से चलाया भी जाएगा तो केंद्र स्तर से एनओसी की जरूरत पड़ेगी। इस तरह की भी कोई बात सामने नहीं आई है। शहर से वाटर ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए सर्वे कराने के लिए आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श की बात थी। लेकिन इस पर भी बात आगे नहीं बढ़ सकी है। क्रूज संचालन के लिए दिल्ली प्रस्ताव बनाकर भेजा जाना था, किंतु इस बारे में भी कोई प्रगति नहीं हुई है। कानपुर से वाराणसी की सड़क मार्ग से दूरी करीब 350 किमी से अधिक है, जबकि नदी के रास्ते दोनों शहरों की दूरी 200 किमी के करीब है। जलमार्ग शुरू होने से सबसे ज्यादा राहत शहर के व्यापारियों को मिलती।

### कलेक्ट्रेट में वाहन खड़ा करने पर मामूली कहासुनी

**कानपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन खड़ा करने को लेकर सोमवार को दो लोगों में कहासुनी हो गई। एडीएम कार्यालय जनगणना की ड्यूटी कटवाने जा रहे बर्रा निवासी शिक्षक रामस्वरूप कड़ी धूप से बचने के लिए वाहन टीन शेड के नीचे खड़ा कर रहे थे। पीछे से आ रहे दो युवकों ने भी जगह देखकर वाहन बगल में लगा दिया। वाहन की रगड़ लगने के कारण दोनों वाहन सवार शिक्षक से उलझ गए।

### पुल पर गलत दिशा से आने पर जाम

**कानपुर।** मेडिकल कॉलेज ओवरब्रिज पर सोमवार दोपहर को जाम लगा। हैलट की ओर से आने वाले वाहन स्वरूपनगर की ओर बेरीकेडिंग की ओर मुड़ने लगे जिससे जाम की स्थिति पैदा हुई। इसी तरह मेडिकल कॉलेज से निकले वाहन भी जल्दबाजी में निकलने के कारण राहगीरों से बहस करने लगे। बीच रोड में वाहन खड़ा करने से लोगों को दिक्कत हुई।

**आरक्षण शुरू** 12 जून से 23 जून तक 11 रात 12 दिन का पैकेज, कानपुर, उरई, झांसी, हरदोई, लखनऊ से बैठ सकेंगे

# भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से 7 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक विशेष ट्रेन संचालित करने की घोषणा की है। ये विशेष ट्रेन भक्तों को 7 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराएगी और दक्षिण भारत के दर्शन भी कराएगी। इस विशेष ट्रेन में 12 जून से 23 जून 11 रात 12 दिन का पैकेज है।

आईआरसीटीसी मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी कार्यालय पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट से आनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। बुकिंग के लिये मोबाइल 9236391908,8287930908, 8287930199, 9717649141,7302821864,9415042930,9305111764, 8287930913,8595924294 पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिलिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात में द्वारकाधीश, भेंट द्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नासिक में त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, संभाजी नगर में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर यात्रा का संचालन होगा।

### यहां दर्शन करना तो ट्रेन में आरक्षण करायें

- यात्रा गंतव्य : महाकालेश्वर ज्योतिलिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग (उज्जैन), द्वारकाधीश, भेंट द्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग (गुजरात), त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग (गुजरात), घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग (संभाजी नगर) में उतरने/चढने के स्टेशन- योग नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर जंक्शन।

### भारत गौरव विशेष ट्रेन का किराया

- इकोनामी श्रेणी (स्लीपर क्लासं) में ठहरने पर पैकेज 24100 रुपये प्रति व्यक्ति
- स्टैंडर्ड श्रेणी (3एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज 40890 रुपये प्रति व्यक्ति

कम्फर्ट श्रेणी (2एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज 54390 रुपये प्रति व्यक्ति

### रेलवे ने की फ्लाइट से विदेश यात्रा कराने की घोषणा

- आईआरसीटीसी विशेष ट्रेन के अलावा देश विदेश की हवाई यात्रा कराने की भी व्यवस्था कराने की घोषणा की है।
- विदेशी यात्रा टूर पैकेज : भूटान, सिंगापुर - मलेशिआ, नेपाल, बाली, वियतनाम, श्रीलंका।
- देश के अंतर्गत यात्रा टूर पैकेज : अरुणाचल प्रदेश (तवांग), धर्मशाला -खाज्जिअर, कश्मीर, दार्जिलिंग, 4 शक्तिपीठ यात्रा,
- ज्योतिर्लिंग यात्रा, हम्पी यात्रा, भोपाल- पंचमणी, लदाख, दिव्या दक्षिण, हैदराबाद मल्लिकार्जुन, मंध्या प्रदेश -उज्जैन महाकाल, केरला, अंडमान, मैसूर -ऊटी, गुजरात, राजस्थान।
- रेल टूर पैकेज : माँ वैष्णो देवी, शिरडी -शनि सिंगणापुर- त्रियंबकेश्वर, अहमदाबाद - स्टेचू ऑफ़ यूनिटी, नैनीताल, रामेश्वरम - मदुरै, चंडीगढ़, शिमला कुफरी।

# सीएसजेएमयू में 'स्वामी हरिदास संगीत गुरुकुल' समर कैंप होगा

- छात्रों को संगीत-नृत्य और अभिनय की मिलेगी प्रोफेशनल ट्रेनिंग

**16** मई से शुरू होगा कैंप, गायन, थिएटर की विधाएं सिखाई जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के तहत संचालित स्वामी हरिदास संगीत एवं नाट्य अकादमी की ओर से 16 मई से समर कैंप की शुरुआत की जाएगी। 'स्वामी हरिदास संगीत गुरुकुल' के रूप में यह समर कैंप संचालित होगा।

इस समर कैंप में छात्रों, युवाओं और कला प्रेमियों के लिए भारतीय संगीत, नृत्य और रंगमंच की विधाओं को सीखने का विशेष अवसर प्रदान किया जाएगा।

अकादमी के निदेशक डॉ. राजकुमार त्रिपाठी ने बताया कि समर कैंप में अनुभवी और प्रोफेशनल प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें गायन, तबला, पियानो, हारमोनियम, वायलिन, सितार, गिटार और ड्रम्स जैसे वाद्य एवं संगीत विषय शामिल हैं। इसके अलावा सेमी-क्लासिकल डांस, कथक, बॉलीवुड डांस और थिएटर एवं अभिनय कला की भी विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को सांस्कृतिक अनुशासन, टीम वर्क, प्रस्तुति कौशल और संवाद कला पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। समापन पर प्रतिभागियों के लिए विशेष सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी अपनी प्रतिभा मंच पर प्रस्तुत कर सकेंगे। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इस समर कैंप में प्रवेश के लिए एक विषय का शुल्क 8 सौ और दो विषयों का शुल्क 15 सौ रुपये निर्धारित किया गया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अकादमी पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही वॉक-इन एडमिशन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसमें अभ्यर्थी सीधे अकादमी पहुंचकर प्रवेश ले सकेंगे।

